

सुपरमैन का ट्रेलर रिलीज 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निषपक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, रविवार, 22.12.2024 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 245 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692




# डिप्टी सीएम ने किया एक हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

● विधायक बिहाणी ने डिप्टी सीएम व मंत्रियों का किया अभिनंदन व आभार ● सरकार ने एक साल में अर्जित की असाधारण उपलब्धियां: डिप्टी सीएम ● एसडी बिहाणी खेल मैदान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह





**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के क्षेत्र में नई ऊचांईयों को छुएगा। राजस्थान हर क्षेत्र में उल्लेखनीय तरक्की कर रहा है। बैरवा शनिवार को गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी द्वारा एसडी बिहाणी कॉलेज खेल मैदान में आयोजित वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को लगभग एक वर्ष पूरा हुआ है लेकिन एक वर्ष में असाधारण उपलब्धियां अर्जित की हैं। सरकार आम जनता की निष्ठा के साथ सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में 1.24 लाख नौकरियां और नौकरियों में पारदर्शिता के लिये विशेष टास्क का गठन किया है। राजस्थान की सबसे बड़ी परियोजना ईआरसीपी की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर लगभग 45 हजार करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी, जिससे राजस्थान के 21 जिले सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में जिस तरह से बड़ी-बड़ी परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी, उससे आमजन का जीवन बदलेगा। उन्होंने राईजिंग राजस्थान का जिक्र करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू हुए है। राजस्थान में उद्योग धंधे लगने से राजस्थान को आर्थिक गति मिलेगी, वहीं पर युवाओं को रोजगार मिलेगा। वर्तमान सरकार द्वारा किसान कल्याण, फसल बीमा, नवीन कृषि तकनीक, गरीबों को आवास, महिला सशक्तिकरण, सबको शिक्षा सबको चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। राजस्थान सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है, जिसमें गंगानगर भी सम्मिलित है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल उल्लेखनीय रहा है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह सरकार है। प्रधानमंत्री व राजस्थान के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान निरन्तर प्रगति कर रहा है। हमारा उद्देश्य राजस्थान के अंतिम पक्ति में बैठे गरीब नागरिकों का उत्थान करना है।

उद्योग राज्यमंत्री केके बिश्नोई ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार संकल्प के साथ जनता की सेवा के लिये काम कर रही है। सरकार द्वारा चुनाव के समय जो संकल्प पत्र तैयार किया गया था, उसमें से 50 प्रतिशत घोषणाओं को पूरा कर लिया गया है। इस बार राजस्थान का बजट ऐतिहासिक रहा है। राईजिंग राजस्थान एक उगते सूरज की तरह है, जो राजस्थान को एक नई दिशा देगा। पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिये टास्क फोर्स का गठन किया गया है और भ्रष्टाचार को रोकने के लिये कड़े कदम उठाये गये हैं। उन्होंने ईआरसीपी परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह राजस्थान के लिये वरदान साबित होगी। इस बड़ी परियोजना के लिये देश के प्रधानमंत्री नौ दिन में दो बार राजस्थान की यात्रा पर आये।

श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने राजस्थान मंत्रिमंडल के मंत्रियों का स्वागत करने से पूर्व शुक्रवार को जयपुर दुखांतिका पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने गत एक वर्ष में जिस तेज गति से जो काम किये हैं, उतने काम पिछली सरकार पांच वर्ष में नहीं कर सकी। अकेले गंगानगर विधानसभा में एक हजार करोड़ रूपये के निर्माण व विकास कार्य प्रगतिरत हैं। चिकित्सा, शिक्षा, सौन्दर्यकरण, जल निकासी, बिजली, फिरोजपुर फीडर, मिनी सचिवालय सहित अनेक निर्माण व विकास के कार्य सम्मिलित हैं। बिहाणी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सरकार द्वारा 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू राईजिंग राजस्थान के तहत किये गये। वर्तमान सरकार ज्यादा सोचने के बजाय काम करने में विश्वास रखती है। वर्तमान सरकार प्रथम वर्ष से ही सबके विकास के लिये सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। विकास कार्यों का ही नतीजा है कि आज राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल का एक समूह गंगानगर में है, जिनका गंगानगर की जनता की ओर से विकास के लिये अभिनंदन किया गया है।

इससे पूर्व जयपुर से आये मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी मंत्री जोगाराम पटेल, गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले खेल विभाग राज्यमंत्री के.के बिश्नोई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत सहित अन्य ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी, यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, पूर्व विधायक रामप्रताप कासनिया, प्रदीप धेरड़, रमजान अली चौपदार, महेन्द्र सिंह सोढ़ी, महेश पेड़ीवाल, श्रीमती चेष्टा सरदाना, सीताराम मोर्य, जिला प्रमुख श्रीमती कविता, सतपाल कासनिया, अनवर अली, श्रीमती प्रियंका बैलान, श्रीमती पूजा छाबड़ा सहित अन्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन के लिये विधायक जयदीप बिहाणी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, शरणपाल सिंह मान, पूर्व विधायक बलवीर लूथरा, विजेन्द्र पूनिया, नरेन्द्र साहू, आत्माराम तरड़, रतन गणेशगढ़िया, सारिका चौधरी, हाकम सिंह गिल, आशुतोष नागपाल, मधुसूदन बिहाणी, हनुमान गोयल, बहादर चंद नारंग, जुगल डूमरा, श्याम धारीवाल, अजय नागपाल, श्रीमती गुलाब सीवर, ओम प्रकाश कालवा, मनीष गर्ग सहित गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## उपमुख्यमंत्री बैरवा ने की विधायक बिहाणी के कार्यों की सराहना

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी के कार्यों की सराहना की। बैरवा ने यहां तक कहा कि 'एक साल जयदीप बिहाणी के कार्य बेमिसाल।' बैरवा शनिवार को भामाशाह सेठ सुशीलकुमार बिहाणी क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में राजस्थान सरकार के कार्यकाल का एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एक वर्ष के दौरान करवाए गए कार्यों का जमकर बखान किया। इस समारोह में जल संशाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय-अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सहकारिता, सिविल एविएशन मंत्री गौतम दक,उद्योग वाणिज्य मंत्री के. के. बिश्नोई, गृह गोपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम संसदीय व विधिक मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ शामिल हुए। विधायक जयदीप बिहाणी एवं उनके अनुज मधुसूदन बिहाणी ने मंत्रियों को पगड़ी एवं पार्टी की सम्मान पट्टी पहना कर स्वागत किया। सभी मंत्रियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। उपमुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों ने सामूहिक रूप से गंगानगर के लिए 1000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। विधायक जयदीप बिहाणी ने अतिथियों के कार्यक्रम में आने के लिए देरी होने पर क्षमा मांगी।

## फूड डिलीवरी पर जीएसटी को लेकर फैसला टला

● यूज्ड कार की मार्जिनल वैल्यू पर 18 प्रतिशत टैक्स

**जनमार्ग न्यूज**



**जैसलमेर।** जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक जैसलमेर में आयोजित हुई। इसमें हेल्थ, एजुकेशन और फूडिंग सेक्टर से जुड़े कुछ अहम फैसले हुए। मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस से जीएसटी घटाने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इस पर मंत्री समूह को और काम करना है। वित्त मंत्री ने कहा कि इंश्योरेंस पर जीएसटी रेट कम करने से ही नहीं कितने स्लैब्स होंगे, इसे लेकर भी फैसला होना है। रेगुलेटरी अथॉरिटी से रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर फैसला होगा। वहीं, ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप से फूड डिलीवरी पर कितना जीएसटी लगाया जाएगा, इसे लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। निर्मला सीतारमन ने कहा कि मंत्रियों का समूह एक बार और इस पर बात करेगी। उन्होंने कहा कि खाने की चीज पर 5 प्रतिशत जीएसटी है, डिलीवरी पर जीएसटी कितना लगाना है, लगाना है या नहीं लगाना है, इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस पर सोशल मीडिया पर भी चर्चा हुई है। ऐसे कई राज्य हैं, जहां नमकीन के साथ पॉपकॉर्न बेचा जाता है, ऐसे भी पॉपकॉर्न है जहां चीनी मिलाई जाती है। उस स्थिति में उस पर टैक्स अलग होगा। निर्मला सीतारमन ने कहा कि सभी तरह के यूज्ड कार पर खरीदने और बेचने पर उसका जो मार्जिनल वैल्यू है, उस पर 18त्न जीएसटी लगेगा। जैसे किसी ने 12 लाख में खरीदी हुई कर सेकेंड हैंड के तौर पर 9 लाख में बेचता है तो इस बचे हुए 3 लाख के मार्जिन पर ही जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि नया ईवी व्हीकल खरीदने पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। पुराने ईवी खरीदने पर भी आज चर्चा हुई है। हम ईवी को प्रमोट करते हैं, लेकिन यूज्ड ईवी खरीदने पर एक व्यक्ति दूसरे से खरीदना है तो कोई जीएसटी नहीं है।

## पाकिस्तानी सैन्य पोस्ट पर आतंकी हमला


**जनमार्ग न्यूज**

**कराची।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार तड़के आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया। इसमें 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हैं। घटना अफगानिस्तान बॉर्डर से 40 किमी दूर माकिन में हुई है। न्यूज एजेंसी ने सेना के अधिकारी के हवाले से बताया कि 30 से ज्यादा आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट पर करीब 2 घंटे तक हमला किया। इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी पर मौजूद वायरलेस उपकरण, दस्तावेज समेत कई चीजों में आग लगा दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। हमले के बाद से इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के पास आतंकवादियों की तलाश जारी है। इस घटना की जिम्मेदारी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी के आतंकियों ने ली है। कई अहम हथियार लूटकर आतंकी फरार आतंकवादियों ने सैन्य चौकी पर किए हमले को अपने सीनियर कमांडरों की शहादत का बदला बताया। रिपोर्ट के मुताबिक हमले के दौरान आतंकवादियों ने मशीन गन, नाइट विजन तकनीक सहित कई जरूरी सैन्य उपकरण लूट लिए।


अमर शहीद बाबा मोतीराम मेहरा सभा

श्रीगंगानगर

विशाल धार्मिक समागम



22 दिसम्बर 2024, रविवार

सुखमणी साहिब का पाठ: सुबह 09.30 बजे

स्थान : धन-धन बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा पदमपुर रोड, श्रीगंगानगर

हरीसिंह मेहरा — सेवादार

श्यामलाल सोतरा — प्रधान

सोनू मेहरा, साधुवाली — सचिव

जसकरण सिंह मेहरा — सेवादार

सेवादार : काबल सिंह मेहरा, मोहन सिंह मेहरा, जोगेन्द्र सिंह मेहरा, राहुल मेहरा, मनजीत सिंह मेहरा सहित मेहरा समाज के अन्य प्रबुद्ध नागरिक व सेवादार।

## सम्पादकीय

### बार-बार त्रासदी

किसी भी हादसे का सबक यही होना चाहिए कि वैसी लापरवाहियां न बरती जाएं। हर तरह के सुरक्षात्मक इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा वैसी त्रासदी न हो। मगर विडंबना है कि एक जैसी दुर्घटनाएं बार-बार हो जाती हैं और बहुस्तरीय लापरवाही कायम रहती है। करीब पांच महीने पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में जमा लोगों के बीच भगदड़ मच गई थी। उस घटना की भयावहता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसमें एक सौ तेईस लोगों की जान चली गई और डेढ़ सौ से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ऐसा नहीं कि वह कोई अकेली घटना थी, जिसमें व्यवस्था में लापरवाही की वजह से लोगों की मौत हुई, बल्कि जब-तब उस तरह के आयोजन होते रहते हैं और उनमें कई तरह की लापरवाहियां हादसे को न्योता देती रहती हैं। जबकि आयोजकों और प्रशासन को यह अंदाजा रहता है कि अगर बड़ी संख्या में लोग किसी जगह जमा हो रहे हैं, तो वहां हादसे की आशंका होती है। गौरतलब है कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक कथावाचक का प्रवचन सुनने एक लाख से ज्यादा लोग जमा हो गए। खबरों के मुताबिक, आयोजन स्थल में प्रवेश द्वार पर फैली अव्यवस्था की वजह से कई महिलाएं गिर गईं। सुर्खियों में आए एक वीडियो में भी कुछ महिलाएं भीड़ में गिरती दिखीं, लेकिन पुलिस का बयान आया कि वहां भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। गनीमत थी कि कुछ लोगों के तत्काल सक्रिय होने की वजह से अफरातफरी की स्थिति कोई भगदड़ या बड़े हादसे में तब्दील होने से बच गई, वरना जितनी संख्या में लोग वहां पहुंचे थे, उसमें नतीजों का बस अंदाजा लगाया जा सकता है। सच यह है कि पहले हुए ऐसे हादसों के बावजूद, आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के चलते ऐसी स्थिति बनी रहती है। ऐसे में कभी भगदड़ के कारण लोगों की मौत हो जाती है, तो उसके लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहरा कर असली कसूरवारों पर शायद ही कभी सख्त कार्रवाई होती है। नतीजतन, आस्था के नाम पर लाखों लोगों के जुटान के बावजूद सुरक्षा इंतजामों का सवाल आमतौर पर हाशिये पर रहता है।

# असीमित है ध्यान की महिमा

इक्कीस दिसंबर 2024 को प्रथम ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। ध्यान व्यक्ति को अंतर्यात्रा करवाता है। यह व्यक्ति की एकल आंतरिक यात्रा है। इस यात्रा के विविध अनुभव ही उसे वह व्यक्तित्व प्रदान करते हैं, जो एक पूर्णरूपेण आदर्श होता है। ध्यान के प्रवाह में भौतिक व बाहरी जगत शून्य हो जाता है। इस आध्यात्मिक युक्ति द्वारा व्यक्ति स्वयं का इष्टतम बौद्धिक-मानसिक उपचार करता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति के अहं, स्व, मैं व मेरे के साधारण भाव विराट कर्तव्य बोध में रूपांतरित होने लगते हैं। ध्यान की गहनता में स्थिर होकर व्यक्ति व्यक्तिगत दोषों को स्पष्ट देखता है, उन्हें स्वीकार करता है तथा उन्हें समाप्त करने का संकल्प करता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के पौराणिक महत्त्व को समझते हुए 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। आज इक्कीस दिसंबर 2024 को प्रथम ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व भारत के आग्रह पर महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया था। इस प्रकार भारतीय आह्वान पर दो महत्त्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दिवसों का आयोजन हमारे देश के लिये गर्व का विषय है। ध्यान शब्द अत्यंत व्यापक है। ध्यान की महिमा असीमित है। इसका प्रतिफल सर्वश्रेष्ठ है। इसमें मनुष्य की मौलिकता, नैतिकता, नवीनता और व्यक्तित्व की श्रेष्ठता समाहित है। संसार की साधारण गतिविधियों को निःस्वार्थ व निर्मोही होकर ग्रहण करके जीवन में संतोष के बिंदु पर स्थिर होना ही ध्यान है।

ध्यान व्यक्ति को अंतर्यात्रा करवाता है। यह व्यक्ति की एकल आंतरिक यात्रा है। इस यात्रा के विविध अनुभव ही उसे वह व्यक्तित्व प्रदान करते हैं, जो एक पूर्णरूपेण आदर्श होता है। ध्यान के प्रवाह में भौतिक व बाहरी जगत शून्य हो जाता है। इस आध्यात्मिक युक्ति द्वारा व्यक्ति स्वयं का इष्टतम बौद्धिक-मानसिक उपचार करता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति के अहं, स्व, मैं व मेरे के साधारण भाव विराट कर्तव्य बोध में रूपांतरित होने लगते हैं। ध्यान की गहनता में स्थिर होकर व्यक्ति व्यक्तिगत दोषों को स्पष्ट देखता है, उन्हें स्वीकार करता है तथा उन्हें समाप्त करने का संकल्प करता है। अंतर्मन की ऐसी स्थिति मनुष्य को हरसंभव विधि से वही विचार व भाव अपनाने की शिक्षा देती है, जो मानव कल्याण के लिए अभीष्ट है। ध्यान एक आंतरिक एकांत है। मन में एक शांत विश्राम ग्रहण कर श्वास-निःश्वास पर केंद्रित होना ध्यान का आरंभिक चरण है। यदि यह अवस्था दीर्घावधि तक रहती है तो निश्चित रूप में मनुष्य का तन-मन व आत्मा आश्चर्यजनक ढंग से बलवान होने लगते हैं। विचारों एवं भावनाओं में सकारात्मकता, आशा व नवीन ऊर्जा का संचार होने लगता है। जैसे-जैसे ध्यान का विस्तार होता जाता है, उसी अनुपात में आत्मविश्वास एवं आत्मचेतना विकसित होने लगती है। जगत में परिव्याप्त अनेक बुराइयों, कठिनाइयों व संघर्षजन्य कष्टों के मध्य अविचलित होकर स्थिर रहने तथा लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निरंतर उन्मुख होने की जीवनशक्ति का निर्माण ध्यान के अगणित आत्मतत्वों से ही होता है। वर्षों तक ध्यानस्थ रहने-होने का अभ्यास मनुष्य को न केवल स्वयं के लिए, अपितु अन्य मनुष्यों व समाज के लिए भी उपयोगी बनाता है। कल्पना करते हैं कि यदि संसार के अधि से भी अधिसंख्य मनुष्यगण ध्यानाभ्यास करें तो मनुष्यों का समग्र सांसारिक जीवन कितने आनंद व कितनी समृद्धि से भर जाएगा! प्रायः अधिसंख्य मनुष्यों के मन में एक विचित्र हलचल होती है। वे विचलित होते हैं। उनमें एक विकलता लहराती रहती है। यह अनेक प्रचलित विषयों, मतों, विचारों व सिद्धांतों के प्रति असहमति का अंतर्द्वंद्व होता है। अंतर्द्वंद्व का यह उद्वेग यदि अधिक समय तक अथवा निरंतर बना रहता है तो व्यक्ति का भौतिक एवं मानसिक जीवन तनाव से घिरने लगता है। इस समय जगत के विभिन्न देशों के शासक एवं



लोग इसी प्रकार के द्वंद्व से घिरे हुए हैं। इसीलिए जग में अशांति है। इसी कारण दुनिया पारस्परिक भेदों से ग्रसित है। इसी अवगुण की दुष्प्रेरणा से प्रत्येक देश एवं प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को ही श्रेष्ठ मान रहा है और दूसरे की उपेक्षा व अपमान में लिप्त है। एक ही देश में राजनीति के प्रतिनिधि विभिन्न दलों की भी यही स्थिति है। इन दलों से जुड़े हुए लोग भी विषय, मत, विचार व सिद्धांत की परस्पर प्रतिस्पर्द्धा में लिप्त हैं। यही धारा समाज व सार्वजनिक जीवन से होते हुए परिवारों तक फैल गई है। यह अहं, स्वार्थ, मैं, मेरा व मेरी की दुर्भावना बढ़ा रहा है। परिणाम में दुनिया में दो देशों के मध्य सैन्य युद्ध, शीत युद्ध एवं अर्थ युद्ध हो रहे हैं। एक ही देश में एक राजनीतिक दल व इनके सदस्यों का दूसरे राजनीतिक दल व उनके सदस्यों के साथ विषय विकार का युद्ध चल रहा है। समाज में पद, प्रतिष्ठा, गौरव व अस्मिता प्राप्त करने की अभिलाषा से भी लोगों के मध्य पारस्परिक प्रतियोगिता बढ़ रही है। परिवार ऐसी स्थिति में अप्रभावित कैसे हो सकता है।

फलतः पारिवारिक सदस्यों के मध्य भी अनावश्यक मतभेद बढ़ रहे हैं। आज चहुंओर दृष्टि घुमाने पर संवेदनशील व्यक्ति को यही दिखाई देता है और यही अनुभव हो रहा है कि मानवता समाप्ति की सीमा पर है। भौतिक, औद्योगिक व वैज्ञानिक उन्नति ने मनुष्य के जीवन को वस्तुओं एवं सेवाओं के स्तर पर तो सुगम बनाया है, किंतु ऐसी उन्नत स्थिति ने अपने व्यापक नकारात्मक परिणाम भी प्रकट किए हैं। ये परिणाम मनुष्यों के मन-मस्तिष्क एवं भावना-आत्मा को भी मानुषिक चेतना से रिक्त कर चुके हैं। इस कारण मानव प्राकृतिक मानवीय गुणों से वंचित हो रहा है।

इन स्थितियों में व्यक्तित्व के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। व्यक्ति का व्यक्तित्व शांत, संतुलित व समुचित होगा तो ही देश व दुनिया का विकास उचित अर्थों में फलीभूत हो सकेगा। इस प्रयोजन हेतु व्यक्ति की दिनचर्या ध्यान द्वारा परिष्कृत किए जाने की अति आवश्यकता है। जब व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय ध्यानपूर्वक बैठकर आंतरिक विचार-विमर्श करेगा, स्वयं के जीवन के मौलिक अस्तित्व व उद्देश्य से परिचित होगा तथा ध्यानाभ्यास की ऐसी शक्ति से अपने भौतिक व व्यावहारिक कार्य संपन्न करेगा तो फलस्वरूप उसका ही नहीं, अपितु समाज व राष्ट्र का भी यथोचित उपकार होगा। भारत भूमि पौराणिक समय से ही ध्यानियों की भूमि रही है। समय-समय पर अनेक साधकों, साधुओं, संतों व ज्ञानियों ने व्यक्तिगत ध्यान की गहराई में प्रवेश कर जीवन के मर्म को समझा। उन्होंने जीवन ही नहीं, मृत्यु के सत्य का भी गहन आंतरिक निरीक्षण किया। ध्यान द्वारा प्रतिपादित अपनी साधनाओं द्वारा उन्हें जीवन-मृत्यु, आत्मा-परमात्मा, मोक्ष-मुक्ति, इत्यादि विषयों का वास्तविक ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी ज्ञान परंपरा के आधार पर भारतीय लोकजीवन में धर्म की उत्पत्ति हुई। यह असाधारण उपलब्धि थी। मानव के स्वरूप में विद्यमान साधकों के ऐसे आध्यात्मिक रूपांतरण द्वारा ही संसार में धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, प्राकृतिक तथा मनोवैज्ञानिक ज्ञान का उद्गम हुआ। ध्यान के बल पर अर्जित ऐसा पौराणिक ज्ञान सदैव ही मानवों का पथ-प्रदर्शक रहा है तथा उन्हें सन्मार्ग की ओर प्रशस्त करता रहा है। आज संसार के प्रत्येक मनुष्य को भारत के पौराणिक, आदिकालिक ध्यान-साहित्य से परिचित होने की आवश्यकता है। देश, काल, व्यक्ति व परिस्थिति के अनुसार जीवन को श्रेष्ठता प्रदान करने हेतु व्यक्ति को सबसे पहले आत्मदर्शन करने होते हैं। आत्मदर्शन की सुविधा ध्यान आरंभ करने पर प्राप्त होती है। राष्ट्र, समाज, परिवार और मानवों में पारस्परिक दायित्व की शुद्ध भावना तब ही आकार लेती है जब ध्यानकेंद्रित होकर जीवन के उद्देश्यों व लक्ष्यों की चेतना उत्पन्न होती है। आदर्श तथा कम से कम मनुष्योचित आचार-व्यवहार सुरक्षित रखने के लिए मनुष्यों को ध्यान के योग व उपयोग को अंगीकार करना ही होगा। मानवीय जीवन में मानवता की पुनःप्राप्ति के लिए ध्यान अति आवश्यक है।

## रविचंद्रन अश्विन : एक सुनहरे युग का अंत

भारतीय क्रिकेट हमेशा से स्पिन गेंदबाजों का गढ़ रहा है। इस परंपरा ने क्रिकेट की दुनिया को अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, और रविचंद्रन अश्विन जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी दिए हैं। हाल ही में रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, और उनके इस निर्णय ने क्रिकेट प्रशंसकों को भावुक कर दिया है। अश्विन ने न केवल भारतीय क्रिकेट को ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि विश्व क्रिकेट में भी अपने कौशल का परचम लहराया। रविचंद्रन अश्विन का जन्म 17 सितंबर 1986 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा सेंट बेड्स स्कूल से प्राप्त की और बाद में एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। हालांकि उनका झुकाव हमेशा क्रिकेट की ओर रहा। शुरू में एक बल्लेबाज के रूप में खेलने वाले अश्विन ने जल्दी ही महसूस किया कि उनकी असली प्रतिभा ऑफ स्पिन गेंदबाजी में है। अश्विन ने अपने करियर की शुरुआत 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से की। इसके बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भी अपनी जगह बनाई और अपने पहले ही टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रविचंद्रन अश्विन का क्रिकेट करियर आंकड़ों के लिहाज से अद्वितीय रहा है। उन्होंने 94 टेस्ट मैचों में 474 विकेट लिए, जो उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक बनाता है। इसके अलावा, वनडे और टी20 प्रारूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।अश्विन ने न केवल गेंदबाजी में बल्कि बल्लेबाजी में भी भारतीय टीम को मजबूती दी। उन्होंने 5 शतक और 13 अर्धशतक बनाए हैं, जो यह दर्शाता है कि वे एक ऑलराउंडर के रूप में कितने सक्षम थे। अश्विन ने वनडे में 151 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए। हालांकि, उनका प्रमुख योगदान टेस्ट क्रिकेट में ही देखा गया। अश्विन का गेंदबाजी स्टाइल उन्हें सबसे अलग बनाता है। उनकी ऑफ स्पिन गेंदबाजी में विविधता, फ्लाइट, और गति का अद्भुत संयोजन देखने को मिलता है। उनकी 'कैरम बॉल' ने कई बल्लेबाजों को परेशान किया और उन्हें विश्व क्रिकेट में खास पहचान दिलाई। अनिल कुंबले और हरभजन सिंह के संन्यास के बाद भारतीय टीम में एक ऐसे स्पिनर की जरूरत थी जो टेस्ट क्रिकेट में विकेट निकाल सके और कठिन परिस्थितियों में टीम का साथ दे सके। अश्विन ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कुंबले की तरह, अश्विन ने भी टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता और दृढ़ता दिखाई। हरभजन की तरह, उन्होंने भी आक्रामकता और बल्लेबाजों पर मानसिक दबाव बनाने की कला सीखी। अश्विन की सफलता केवल भारतीय धरती तक सीमित नहीं रही। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया। खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी गेंदबाजी हमेशा यादगार रही है। 2016 में, अश्विन को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब मिला, जो उनकी प्रतिभा और योगदान को वैश्विक स्तर पर मान्यता देता है। अश्विन का संन्यास भारतीय क्रिकेट के लिए एक युग के अंत जैसा है। हालांकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में खेलना जारी रखने का संकेत दिया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी अनुपस्थिति को महसूस किया जाएगा। उनके संन्यास का फैसला कई कारणों से लिया गया हो सकता है, जिनमें उम्र, शारीरिक थकान, और युवा खिलाड़ियों को मौका देने की भावना शामिल हो सकती है। अश्विन का प्रभाव केवल उनके प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है और स्पिन गेंदबाजी की नई परिभाषा गढ़ी है। उनकी सोच, तकनीक, और रणनीतियां भारतीय क्रिकेट के लिए एक धरोहर हैं। उन्होंने टीम इंडिया को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाला और कई मैच जिताए। उन्होंने दिखाया कि एक स्पिनर भी ऑलराउंडर बन सकता है। अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर टीम में हैं, लेकिन अश्विन जैसी विविधता और अनुभव हासिल करने में समय लगेगा। रविचंद्रन अश्विन का करियर भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज रहेगा। उन्होंने न केवल स्पिन गेंदबाजी को नई ऊंचाई दी, बल्कि भारतीय क्रिकेट के प्रशंसकों को कई यादगार पल भी दिए। उनके संन्यास के बाद टीम में उनकी कमी जरूर महसूस होगी, लेकिन उनके द्वारा स्थापित मानदंड आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। अश्विन को इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं, और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए हमेशा आभार।

## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

# रूस में बनी कैंसर वैक्सीन कितनी कारगर

रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि उन्होंने कैंसर की वैक्सीन बना ली है। साल 2024 की शुरुआत में ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि वे कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब हैं। यह एक एमआरएनए वैक्सीन है। इसके क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि वैक्सीन से कैंसर ट्यूमर का इलाज करने में मदद मिल सकती है। रूस की इस खोज को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। कैंसर दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, पूरी दुनिया में कार्डियोवस्कुलर डिजीज के बाद सबसे ज्यादा मौतें कैंसर के कारण होती हैं। पूरी दुनिया में हर साल लगभग 6.1 करोड़ लोगों की मौत होती है, जिसमें से 1 करोड़ लोगों की मौत कैंसर के कारण होती है। इसका मतलब है कि दुनिया में हर 6 मौतों में से एक मौत कैंसर के कारण होती है। इसलिए रूस की इस खोज को पूरी दुनिया बड़ी उम्मीद की नजर से देख रही है। इससे सबकुछ बदल सकता है। हर साल लाखों लोगों की जान बच सकती है। हमारे शरीर में करीब 30 लाख करोड़ कोशिकाएं होती हैं। ये सभी एक निश्चित पैटर्न में नियंत्रित तरीके से बढ़ती हैं और एक समय के बाद खुद ही नष्ट हो जाती हैं। लेकिन कैंसर होने पर यह नियंत्रित पैटर्न बिगड़ने लगता है और एक जानलेवा बीमारी का रूप ले लेता है। दिल्ली के एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. समित पुरोहित बहुत आसान शब्दों में कैंसर को कुछ इस तरह एक्सप्लेन करते हैं। किसी वैक्सीन को बाजार में आने से पहले कई स्टेज से गुजरना होता है। सबसे पहले वैज्ञानिक रिसर्च करते हैं। इसके बाद वैक्सीन का प्री-क्लिनिकल ट्रायल होता है। प्री-क्लिनिकल का अर्थ है कि जब कोई दवा या वैक्सीन इंसानों से पहले लैब में, चूहों पर या किसी और तरीके से टेस्ट की जाती है। अगर प्री-क्लिनिकल ट्रायल सफल रहता है तो इसके बाद क्लिनिकल ट्रायल किया जाता है। क्लिनिकल ट्रायल का अर्थ है दवा या वैक्सीन का इंसानों पर परीक्षण करना। क्लिनिकल




ट्रायल के बाद रेगुलेटरी रिव्यू होता है। सबकुछ सही रहने पर इसके प्रोडक्शन के लिए अप्रूवल मिलता है। इसके बाद जब इसे तैयार कर लिया जाता है तो क्वालिटी चेक के बाद बाजार में लाया जाता है। रूस की सरकार ने कहा है कि वैक्सीन साल 2025 के शुरुआती महीनों में ही उपलब्ध हो जाएगी। इसे रूसी कैंसर पेशेंट्स को फ्री में लगाया जाएगा। हालांकि इसे अभी सिर्फ रूस के लिए तैयार किया गया है। यह दूसरे देशों के लिए कब तक उपलब्ध होगी, इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के प्रमुख एंड्री काप्रिन के मुताबिक, रूस में राज्य के लिए इस वैक्सीन के हर डोज की कीमत 300,000 रूबल यानी 2 लाख 46 हजार रुपये के आसपास होगी। ग्लोबल मार्केट में आने पर इस कीमत में एक्सपोर्ट और प्रिजर्व करने के खर्च भी जुड़ सकते हैं। इसलिए इसकी कीमत में बदलाव हो सकता है। यह एमआरएनए वैक्सीन है। एमआरएनए का मतलब है मैसेंजर-आरएनए। यह इंसानों के जेनेटिक कोड का एक हिस्सा है। यह हमारी कोशिकाओं में प्रोटीन बनाता है। इसे ऐसे समझिए कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो एमआरएनए टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है। यह वैक्सीन अब तक प्री-क्लिनिकल ट्रायल में ब्रेस्ट, लंग्स और कोलोन कैंसर के खिलाफ सफल रही है। हालांकि रिसर्चर्स का कहना है कि इसमें सभी तरह के कैंसर का इलाज करने की क्षमता है। यह वैक्सीन कैंसर की शुरुआती स्टेज में बहुत अधिक प्रभावी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस स्टेज तक इसका प्रभाव रहता है। यह बताया गया है कि यह वैक्सीन शरीर के नेचुरल डिफेंस सिस्टम को मजबूत करेगी। इसकी मदद से ट्यूमर की ग्रोथ धीमी की जा सकती है। यह एक बार कैंसर खत्म होने के बाद दोबारा पनपने से रोक सकती है। अगर शुरुआती स्टेज का कैंसर है तो उसे पूरी तरह खत्म कर सकती है। यह वैक्सीन सिर्फ शुरुआती स्टेज के कैंसर को पूरी तरह खत्म करने में सक्षम है। अगर कैंसर एडवांस स्टेज में है तो वैक्सीन की मदद से कैंसर की ग्रोथ स्लो की जा सकती है। इसके साथ कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी लेने की जरूरत पड़ सकती है। यह डॉक्टर कैंसर की स्टेज, लक्षण और पेशेंट की ओवरऑल हेल्थ कंडीशन के मुताबिक तय कर सकते हैं। इस वैक्सीन के बारे में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि इसका उद्देश्य कैंसर पेशेंट्स का इलाज करना है न कि पेशेंट्स में ट्यूमर बनने से रोकना। इसका मतलब है कि यह वैक्सीन कैंसर होने पर इलाज के लिए इस्तेमाल की जाएगी। यह किसी व्यक्ति को कैंसर होने से बचाने में सक्षम नहीं है। सच यह है कि कैंसर के लिए ऐसी वैक्सीन बनाना बायलॉजिकल तौर पर संभव ही नहीं है, जिससे कैंसर होने से रोका जा सके। ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर कोई बीमारी नहीं है। यह शरीर में हजारों अलग-अलग स्थितियों का परिणाम है। यह वैक्सीन एक तरह की पर्सनलाइज्ड कैंसर वैक्सीन है। इसमें व्यक्ति के कैंसर ट्यूमर का कुछ हिस्सा लेकर यह वैक्सीन तैयार की जाती है। अगर उसी व्यक्ति को ठीक होने के बाद में किसी दूसरी तरह का कैंसर डेवेलप हो जाए तो उसके लिए नई वैक्सीन तैयार करनी पड़ेगी। आमतौर पर वैक्सीन तैयार करने में बहुत समय लगता है। रूस इस वैक्सीन को बनाने के लिए कस्टमाइज्ड एमआरएनए का उपयोग करके कंप्यूटिंग का इस्तेमाल करेगा। इसमें इवाननिकोव इंस्टीट्यूट की मदद ली गई है, जो इस पूरे काम को करने के लिए एआई की सहायता लेगा। न्यूरल नेटवर्क कंप्यूटिंग की मदद से वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया में महज आधे घंटे से एक घंटे का समय लगना चाहिए। पूरी दुनिया इस वैक्सीन को जिस उम्मीद की नजर से देख रही है, अगर सभी परिणाम उतने ही सकारात्मक रहते हैं तो कैंसर का इलाज पहले से काफी आसान हो जाएगा।

# बाबा साहब भीमराव अंम्बेडकर के खिलाफ टिप्पणी करने पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ धरना लगाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** बाबा साहब भीमराव अंम्बेडकर के खिलाफ टिप्पणी करने पर संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ डॉ बी आर अंम्बेडकर नवयुग संघ, ब्लॉक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवा दल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे धरना लगाकर प्रदर्शन करके राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। डॉक्टर बी आर अंम्बेडकर नवयुग संघ के संरक्षक परसराम भाटिया, महासचिव योगेश मेघवाल, कांग्रेस विधायक डूंगर राम गेदर, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, जिला महामंत्री हरीश शेखसरिया, द्वारका पेड़ीवाल, एनएसयूआई के अध्यक्ष अक्षर नायक, किसान नेता अमर सिंह गोदारा, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष धन्नाराम स्वामी, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राधेश्याम उपाध्याय के नेतृत्व में सुभाष चौक से मुख्य बाजार में प्रदर्शन करके अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे धरना लगाकर प्रदर्शन करके अतिरिक्त जिला कलेक्टर कन्हैयालाल सोनगरा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेताओं ने कहा भारत के संविधान निर्माता दलितों के मसीहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध गृहमंत्री अमित शाह ने अहंकार में ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए डॉक्टर अंबेडकर को अपमानित किया है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ नफरत का माहौल बनाकर संविधान को खत्म करने की नीति अपना रखी है । देश की जनता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान का बदला लेने के लिए जन आंदोलन करेगी।

धर्म के नाम पर नफरत फैला कर सांप्रदायिकता का जहर घोलकर भारतीय जनता पार्टी ने देश में भय और आतंक का माहौल बनाकर भाई भाई को लड़ाने का काम किया है। गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करके देश से माफी नहीं मांगी तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान विधायक डूंगर राम गेदर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, जिला महामंत्री हरीश शेखसरिया, द्वारका पेड़ीवाल, भीम जोशी, कांग्रेस सेवा दल पूर्व अध्यक्ष धनाराम स्वामी, बूटा सिंह गंगानगर सहित काफी संख्या में लोगों ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया।



## राजयोग भवन निर्माण कार्य की रखी नींव

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ब्रहम कुमारीज हनुमानगढ़ ने समाज सेवा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का कदम उठाते हुए नये राजयोग भवन का पूजन कर नींव रखी। ब्रहमाकुमारी शिला दीदी जी का उद्देश्य यह ही है कि इससे समाज में चारों तरफ शांति का संदेश पहुंचे। भवन की नींव पुर्व चेयरमेन संतोष बंसल, पूर्व सभापति सुमित रिणवा, वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय तथा बठिंडा से ब्रहमाकुमारी विश्वविद्यालय इंचार्ज राजयोगिनी कैलाश दीदी जी द्वारा सयुक्त रूप से रखी गई। इस राजयोग भवन का उद्देश्य योग मैडिटेशन द्वारा जीवन जीने की कला सिखना है। ये कोर्स ब्रहम कुमारीज द्वारा निशुल्क करवाया जायेगा। इस मौके पर राजयोगिनी ब्रहम कुमारीज कैलाश दीदी, शिला दीदी, किरण दीदी, सिरसा से प्रिति दीदी व अन्य मौजुद रहें। इस कार्यक्रम में रामप्रताप एक्सईन, वेदप्रकाश सहारण एईअन, राकेश इदलिया एईअन, सत्यवीर जेईअन, प्रेम कुमार जेईअन, पार्षद तरुण विजय, पार्षद मनोज बंसल, नरेश बिलन्दी, पवन शर्मा तथा अग्रवाल समाज की महिला अध्यक्ष बहन सुनिता का विशेष सम्मान किया गया।



# 130 से अधिक खनिज एक्सप्लोरेषन प्रोजेक्ट का संचालन होगा: टी रविकान्त

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** वर्ष 2025-26 में राजस्थान के माइंस एवं भूविज्ञान, आरएसएमईटी, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सहित केन्द्र व राज्य की संस्थाएं 130 से अधिक खनिज एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं का संचालन करेंगी। प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवंपेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य के माइंस एवं जियोलोजी विभाग द्वारा 34 एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं पर खनिज खोज का कार्य किया जाएगा वहीं जीएसआई द्वारा मिशन 1 के तहत एक लिग्नाइट एक्सप्लोरेषन कार्यक्रम सहित 16 एक्सप्लोरेशन कार्यक्रमऔर मिषन 2 में 80 प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही एमईसीएल सहित केन्द्र की अन्य संस्थाओं द्वारा भी खनिज खोज कार्य किया जाएगा। प्रमुख सचिव माइंस श्री टी. रविकान्त शुक्रवार को आरआईसी में स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में प्रचुर मात्रा में विविध खनिज होने के साथ ही खनिज एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। आने वाले वर्ष में विभाग व आरएसएमईटी द्वारा 2 फेरस मेटल, 2 बेस मेटल, 8 लाइमस्टोन, 2डायमेंशनल स्टोन और 20 अन्य खनिजों एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। उन्होंने राज्य में माइंस सेक्टर में कार्य कर रही राज्य व केन्द्र की सभीसंस्थाओं से परस्पर सहयोग व समन्वय से गुणवत्ता पूर्ण एक्सप्लोरेशन पर जोर दिया। श्री रविकान्त ने मेजर और माइनर मिनरल क्षेत्रमें देश भर में लीड लेते हुए किये जा रहे कार्यो के लिए निदेशक माइंस व उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगेब़ते हुए हमें क्रिटिकल और स्टेट्रेजिकल मिनरल्स के खोज व खनन कार्य को औरअधिक तेजी से बढ़ाना होगा। निदेशक माइंस श्री भगवती प्रसाद कलाल ने कहाकि राज्य में मिनरल एक्सप्लोरेशन व डिपोजिट्स के खोज व खनन कार्य को आगे ब?ाने में एसजीपीबी की अहम् भूमिका है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मिनरल ब्लॉकों व प्लॉटों का ऑक्शन कर राज्य में रोजगार और रेवेन्यू दोनों को हीब?ावा दिया जा रहा है। उप महानिदेशक जीएसआई श्री अनिन्ध्य भट्टाचार्यने कहा कि खनिजों की दृष्टि से राजस्थान देश का प्रमुख प्रदेश है। जीएसआईमिषन मोड पर कार्य कर रही है। जीएसआई के निदेशक श्री हरीश मिस्त्री ने प्रजेटेंशन के माध्यम से बताया कि राज्य में डायमण्ड के अलावा करीब करीब सभी तरह के खनिजों के संकेत है। जीएसआई थल, जल और नभ तीनों क्षेत्रों में ही काम कर रहा है और मिशन1 के तहत मेपिंग का काम हो रहा है। एएमडी के क्षेत्रीय निदेशक श्री एसके शर्मा ने रेयर अर्थ, यूरेनियम और प्लेटिनियम के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की जानकारीदी। एमईसीएल के श्री आशीष सिंह ने प्रदेश में चल रही गतिविधियों कीजानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक जियोलोजी श्री एसएन डोडिया ने विभाग द्वारा एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन और ऑक्षन की जानकारी देतेहुए बताया कि आगामी वर्ष 34 प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा। आरएसएमईटी के मुख्य कार्यकारी श्री एनपी सिंह ने आरएसएमईटी द्वारा 107 माइनिंग लीज ब्लॉक तैयार किये गए हैं वहीं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर विभाग की लेब, ड्रिलिंग विंग को सशक्त किया जा रहा है।

## युवाओं द्वारा नशे के खिलाफ कल को निकाला जाएगा विशाल मशाल जुलूस



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अवैध नशे के खिलाफ एनएसयूआई पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, झोटवाड़ा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में युवाओं द्वारा जोर-शोर से जंग लड़ी जा रही है। एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष पवन नंदीवाल ने बताया कि युवाओं को नशे से चंगुल से बचाने के लिए युवा नेता अभिषेक चौधरी तथा सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर के नेतृत्व में नशे के खिलाफ 'अवेकन रीच टू लाईफ-एक युद्ध, नशे के विरूद्ध' अभियान के तहत 22 दिसम्बर, रविवार को सूरतगढ़ में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। पवन नंदीवाल ने बताया कि मशाल जुलूस रविवार सायं 3 बजे टैगोर पीजी कॉलेज, सूरतगढ़ से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य-मुख्य मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर संपन्न होगा। इस मशाल जुलूस में हजारों की संख्या में युवा शामिल होंगे। सुभाष चौक पर आयोजित सभा में सर्वप्रथम शहीद-ए-आजम भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा सभा को एनएसयूआई पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, विधायक डूंगरराम गेदर सहित युवा नेताओं द्वारा सम्बोधित किया जाएगा। पवन नंदीवाल ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज श्रीगंगानगर जिले में बड़ी संख्या में युवा वर्ग मेडिकल नशा, चिट्टा, ड्रग्स आदि अवैध नशे की चपेट में आकर बर्बाद हो रहा है तथा इससे भावी पीढ़ी खत्म होने के कगार पर है।

# खालसा कॉलेज के कंप्यूटर विभाग के छात्र को राजस्थान स्टार्टअप नीति के तहत ग्रांट स्वीकृत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर के कंप्यूटर विभाग के छात्र विनीत सिंह ने अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर राजस्थान स्टार्टअप पॉलिसी 2022 के तहत ग्रांट प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा ÷अमोमिक ए आई ÷ नामक स्टार्टअप को विचार अनुदान के रूप में 2.40 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता राज्य स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक में 04 दिसंबर 2024 को मंजूर की गई।

कॉलेज के प्राचार्य, प्रो. सुखविंदर सिंह ने कहा, ÷हमारे छात्र की यह उपलब्धि पूरे कॉलेज परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह न केवल उसकी मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि हमारे कॉलेज की उच्च स्तरीय शिक्षा और मार्गदर्शन का प्रमाण भी है। राजस्थान सरकार की इस पहल से नवोन्मेषी विचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और हमारे छात्र आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे।÷

कंप्यूटर विभाग की विभागाध्यक्ष , प्रो. हरदीप कौर ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारे विभाग के छात्र ने तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल कर हमें गौरवान्वित किया है। यह प्रोजेक्ट तकनीकी समाधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा और अन्य छात्रों को प्रेरणा प्रदान करेगा।÷यह स्टार्टअप आधुनिक तकनीकी समाधानों पर आधारित है, जो नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देता है। ÷अमोमिक ए आई ÷÷ परियोजना के लिए छात्र को विचार अनुदान दिया गया है, जिससे वह अपने प्रोजेक्ट को और आगे ले जा सके।राजस्थान सरकार की स्टार्टअप नीति नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। इस नीति का उद्देश्य नए विचारों और तकनीकी उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस नीति के तहत, राज्य सरकार ने कई छात्रों और नवाचारकर्ताओं को वित्तीय मदद देकर उनके प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने में योगदान दिया है।कॉलेज के प्राचार्य और विभाग प्रमुख ने यह भी बताया कि यह सफलता अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी और कॉलेज प्रशासन ऐसे और प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।



## लियो क्लब निष्काम का शपथ ग्रहण समारोह 'आगाज़' सम्पन्न

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233-1) रीजन बांके बिहारी की इकाई लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर द्वारा गठित लियो क्लब श्रीगंगानगर निष्काम का शपथ ग्रहण समारोह ÷आगाज़÷ सूरतगढ़ रोड पर स्थित होटल में उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। लायंस क्लब सैंटर के सचिव सचिन कुक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब सैंटर के अध्यक्ष श्याम गोस्वामी द्वारा की गई। रवींद्र शर्मा द्वारा ध्वज वंदना प्रस्तुत की गई व राष्ट्रगान किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, शपथ ग्रहण अधिकारी, डिस्ट्रिक कैबिनेट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ ओपी मंगल, मेहमान ए खास एडिशनल डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ नरेंद्र चांगिया, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, रीजन चेयरमैन एमजेएफ नरेंद्र भठेजा, जोन चेयरमैन एमजेएफ़ पंकज गर्ग मंच पर मुख्य रूप से मौजूद रहे। ओपी मंगल ने लियो की सदस्यता ग्रहण करवाई व प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने निष्काम गोस्वामी अध्यक्ष, हिमांशु सचिव, अभिजीत कोषाध्यक्ष, आशीष अरोड़ा लियो चीफ एडवाइजर व राहुल इंदौरिया, रोहित, दिव्यांश गोस्वामी, आशीष, अनुज, मयंक पालीवाल, मुकेश यादव, आर्यन, विपुल शर्मा, प्रयाग, योगेश, रोहित मीणा, मनीष बैरवा, उमंग, पुनीत, लवीश को अन्य पदों की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर एल डी शर्मा, गौरव गुप्ता, जोन चेयर पर्सन कुमुद गुप्ता, लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष रमेश चड्ढा, आशीष वधवा सहित अनेक वरिष्ट लॉयन उपस्थित थे। अध्यक्ष श्याम गोस्वामी व क्लब की प्रथम महिला प्रोमिला गोस्वामी ने लियो सदस्यों का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दी। नरेंद्र चांगिया ने सभी पदाधिकारी को उनके पद का महत्व तथा कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। सुनील अरोड़ा ने लियो क्लब निष्काम गठन लायंस क्लब सैंटर की एक विशेष उपलब्धि है। श्री अरोड़ा ने लियो अध्यक्ष को अंतराष्ट्रीय हेड क्वाटर से प्राप्त चार्टर प्रदान किया।

# तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** टैगोर पीजी कॉलेज सूरतगढ़ में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ स्थानीय टैगोर पीजी कॉलेज सूरतगढ़ में गुरुवार दिनांक 20 12.24 यूथ फेस्टिवल के प्रथम दिन स्पोर्ट्स डे का आयोजन टैगोर खेल मैदान में हुआ यूथ फेस्टिवल के प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षाविद व समाजसेवी श्री संदीप कासनिया द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय के पूर्व डीपी राजवीर सियाग एवं टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक मोहित जेटली उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टैगोर एजुकेशनल ग्रुप के संस्थापक डॉ सुशील जेटली ने की। महाविद्यालय निदेशक डॉ सचिन जेटली एकेडमिक एडवाइजर मोनिका शर्मा, प्राचार्या डॉप्रीति चुघ, उप-प्राचार्य पुरुषोत्तम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर अंतर सदनीय खेलकूद प्रतियोगिता ध्वज फहराकर किया। यूथ फेस्टिवल संयोजक श्री पुरुषोत्तम सिंह व सहसंयोजक योगेश भार्गव के अनुसार 30 से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आरसीबी क्लब विजेता व उपविजेता सूरजमल क्लब रहे। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान विशाल तिवारी व द्वितीय स्थान पर हर्ष एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर अल्का व द्वितीय स्थान पर जसप्रीत रही। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान विशाल तिवारी व द्वितीय स्थान पर लोकेश एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर अल्का व द्वितीय स्थान पर डिंपल रही। स्पून रेस में प्रथम स्थान पर निर्मला व द्वितीय स्थान पर यशोदा रही। स्किपिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनामिका व द्वितीय स्थान पर आस्था एवं छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर उदय द्वितीय स्थान पर दक्ष रहा। शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नरेश व द्वितीय स्थान पर अनिरुद्ध सिंह एवं छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर अनामिका व द्वितीय स्थान पर तमन्ना रही। फूड स्टॉल में प्रथम स्थान पर टैगोरियन तड़का व द्वितीय स्थान पर यम्मी कॉर्नर रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता व कल्पना चावला टीम उपविजेता एवं छात्र वर्ग में पावर रेंजर विजेता व टैगोर चैंपियन उपविजेता रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में सहवाग इलेवन विजेता व युवराज किंग्स उपविजेता रही। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छात्र 55 किलो वर्ग में प्रथम स्थान वेदांत व द्वितीय स्थान दक्ष, 70 किलो वर्ग में प्रथम स्थान राहुल व द्वितीय स्थान प्रताप एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर आस्था व द्वितीय स्थान पर तमन्ना रही। डिस्कस थ्रो में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर राहुल व द्वितीय स्थान पर तिजेंद्र सिंह एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर दिव्या व द्वितीय स्थान पर हिमानी रही। म्यूजिकल चेयर में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंका वर्मा व द्वितीय स्थान पर अफसाना एवं छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर लोकेश व द्वितीय स्थान पर अनिरुद्ध रहा



## अमित शाह की कथित टिप्पणी पर सीपीएम का विरोध प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित लाल चौक पर शुक्रवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संबंध में कथित तौर पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अमित शाह से सार्वजनिक माफी मांगने और गृह मंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रामेश्वर वर्मा ने कहा, ÷बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान की रचना की, जो हमारे लोकतंत्र की नींव है। ऐसे व्यक्ति के अपमान को देश कतई सहन नहीं करेगा। अमित शाह को इस शर्मनाक बयान के लिए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

# मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पीजी कॉलेज में फेयरवेल एवं मिस फ्रेशर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पीजी कॉलेज में फ्रेशर तथा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा तथा ममता द्वारा श्रीगणेश तथा मां सरस्वती की वंदना द्वारा की गई। अंजलि तथा पूजा ने गीत के माध्यम से ईश्वर वंदन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीनल कोचर ने बताया कि यह क्वालिटी बेस्ड एजुकेशन इंस्टीट्यूशन है,जहां छात्राओं को ग्रेजुएट या मास्टर्स की डिग्री का टैग नहीं बिना ट्यूशन के टैलेंट के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर किया जाता है। महाविद्यालय मुख्य सलाहकार विजय सेतिया द्वारा छात्राओं को सफलता के साथ आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया गया।प्रबंध समिति सदस्य मीनू मगलानी, सरिता अरोड़ा, रंजन सेतिया और रैना नागपाल द्वारा मिस फ्रेशर तथा मिस फेयरवेल में निर्णायक की भूमिका निभाई तथा छात्राओं को सफलता के मार्ग में आने वाली चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने राजस्थानी और पंजाबी नृत्यों से खूब तालियां बटोरीं। छात्राओं ने पेपर डांस, म्यूजिकल चेयर और बैलून बैलेंस जैसे गेम्स से मनोरंजन किया

मिस फ्रेशर महक तथा मिस फ्रेशर रनरअप सृष्टि तथा कीर्ति रही। प्रीति मिस इव रही। फाइनल ईयर की छात्राओं में मिस फेयरवेल सीमा तथा मिस फेयरवेल रनर अप नेहा रही।कार्यक्रम प्रभारी ममता सचदेवा के निर्देशन में नंदिनी, सपना एवं दिव्या ने मंच संचालन किया।संकाय सदस्य प्रो. सपना जुनेजा, प्रो. दीपक प्रजापत, प्रो. संदीपकौर तथा प्रो. प्रीति द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



# ठंड से बचाव के लिए राजकीय विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

❑ लॉयन्स क्लब ग्रेटर की 35वीं चार्टर नाईट (स्थापना दिवस) समारोहपूर्वक मनाई ❑ प्रान्तपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा ने विद्यालय में कुर्सियों व बैंच के लिए आर्थिक सहयोग दिया ❑ प्रांतपाल, रीजन चेयरमैन व जोन चेयरमैन की यात्रा सम्पन्न करवाई

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर 'ग्रेटर' की 35वीं चार्टर नाईट (स्थापना दिवस) समारोहपूर्वक मनाई गई। अध्यक्ष लॉयन रमेश चड्ढा ने बताया कि सुखाड़िया नगर स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा, रीजन चेयरमैन लॉयन नरेन्द्र भठेजा तथा जोन चेयरमैन एमजेएफ लॉयन हरीश उपनेजा की अधिकाधिक यात्रा सम्पन्न करवाई गई। उन्होंने बताया कि लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर ग्रेटर द्वारा अपनी स्थापना से निरन्तर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने वर्तमान सत्र 2024-25 में क्लब द्वारा किए गए



सेवा कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लॉयन मनीष असीजा के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में लॉयनवाद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सेवाभावी लॉयन सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर समय बंधन ड्रॉ निकालकर विजेता को पुरस्कृत किया गया तथा केक काटकर खुशियां मनाई गई। प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा ने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए जल मंदिर हेतु 50 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मंच संचालन लॉयन राजेश वाट्स ने किया। इससे पहले चार्टर नाईट (स्थापना दिवस) तथा चार्टर अध्यक्ष व पूर्व प्रांतपाल लॉयन ज्योति कांडा के पिताजी मदनलाल कांडा की पावन स्मृति में लॉयन्स क्लब ग्रेटर द्वारा गोद लिए हुए मौसम विभाग के समीप स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सेवा कार्य करते हुए सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती सुषमा बराला द्वारा विद्यालय हेतु 10 कुर्सियों व 10 बेंच की आवश्यकता व्यक्त करने पर प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा द्वारा 10 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया तथा रीजन् चेयरमैन एमजेएफ लॉयन नरेन्द्र भठेजा द्वारा सभी विद्यार्थियों को जुराबें भेंट करने की घोषणा की गई। मंच संचालन लॉयन चन्द्रमोहन शर्मा ने किया।

# ग्रीन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पर हमला व दुर्व्यवहार पर आक्रोश

अरोड़वंश कालिया परिवार की बैठक में हुई थी घटना, -आरोपीयो के खिलाफ जल्द समाज की बैठक रख करेंगे सख्त कार्यवाही : शंकर सलुजा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ग्रीन वेलफेयर सोसायटी व अरोड़वंश कालिया परिवार के अध्यक्ष शंकर सलुजा के साथ कालिया गाँव में अरोड़वंश कालिया परिवार की बैठक में गाँव के दो लोगो द्वारा हमला व दुर्व्यवहार करने पर ग्रीन वेलफेयर सोसायटी व अरोड़वंश कालिया परिवार के सद्स्यो मे व पुरे कालिया गाँव में भारी आक्रोश है। आरोपीयो के खिलाफ जल्द समाज की बैठक रख कार्यवाही की जाएगी। ग्रीन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शंकर सलुजा ने बताया की अरोड़वंश कालिया परिवार की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 15 दिसम्बर 2024 को श्री राधा कृष्ण मंदिर, कालिया गाँव में बैठक रखी गई ।जिसमे कालिया गाँव के लगभग 100 लोग मोजुद रहे ।इस बैठक मे समाज के समाजसेवी रमेश मक्कड भी आए थे ।बैठक शुरू होने ही वाली थी इतने मे गाँव के सुरेश सिडाना ओर अमित सिडाना रमेश मक्कड के साथ दुर्व्यवहार व गाली गलोच करने लग गए ओर मंच पर पड़ा माईक स्टेण्ड उनको मारने के उन पर फेंका। बैठक मे शामिल सभी लोगो ने उन दोनो को काफ़ी समझाया की तुम्हारा कोई आपसी विवाद हे तो बाहर जाकर निपटाओ मंदिर मे ये सब नही चलेगा लेकिन उन्होने किसी की बात नही सुनी ओर झगड़ा करते रहे । शंकर सलुजा ने बताया की अध्यक्ष होने के नाते जब मेने बीचबचाव किया तो उन्होने मेरे साथ भी दुर्व्यवहार किया ओर मेरे थप्पड़ मार दिया। इस धटना की वहा मोजुद अरोड़वंश कालिया परिवार के सद्स्यो ,पुरे कालिया गाँव के लोगो व ग्रीन वेलफेयर सोसायटी के सद्स्यो ने निंदा की। लोगो ने कहा की शंकर सलुजा गाँव के विकास के इतने काम कर रहा है, जिससे गाँव का नाम देश विदेश में हो रहा है । जिन्होने भी शंकर सलुजा के साथ दुर्व्यवहार किया है उन्हे बक्शा नही जाएगा । शंकर सलुजा ने बताया कि गाँव के गणमान्य नागरिको द्वारा मंगलवार को मेरे घर बैठक रखी ओर निर्णय लिया की जल्द पुरे समाज की बैठक रख कर सुरेश सिडाना ओर अमित सिडाना के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। शंकर सलुजा के घर बैठक मे शंकर सलुजा, रोशन पाहवा,अशोक शर्मा, रामकिशन मिड्ढा, राधेश्याम मुन्जाल, राजकुमार सलुजा, अशोक नागपाल, जगदीश वधवा (उप सरपंच), डा. राजाराम मिड्ढा, चेतनदास सलुजा, नवीन पाहवा, प्रेम सचदेवा, विक्की वधवा, मोहनलाल छाबड़ा,ललित सिडाना, हरिश सनेजा, पुर्णचन्द छाबड़ा, वेद छाबड़ा व जितेन्द्र गाबा उपस्थित रहे।

## संयुक्त व्यापार मण्डल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम गुप्ता की रस्म पगड़ी व अमृतवाणी पाठ कल



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम गुप्ता की रस्म पगड़ी व अमृतवाणी पाठ 22 दिसम्बर, रविवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक हनुमानगढ़ रोड स्थित अग्रवाल ट्रस्ट में होगा। श्रीमती नीलम गुप्ता का 11 दिसम्बर, बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया था तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा शहरवासियों द्वारा हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पर पहुंचकर तरसेम गुप्ता सहित शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया जा रहा है।

## ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के मिड्ढा विधानसभा अध्यक्ष तथा सचदेवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से विचार-विमर्श के पश्चात् राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल ने सूर्यवंशी सुरेन्द्र कुमार मिड्ढा को उनकी संगठन के प्रति लग्न, मेहनत, समर्पण एवं कर्मठता को




देखते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी, विधानसभा रायसिंहनगर का विधानसभा अध्यक्ष तथा सूर्यवंशी गगन सचदेवा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## आर्य समाज द्वारा स्वामी श्रद्धानंद वाचनालय का लोकार्पण कल

### युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकों के साथ-साथ वैदिक साहित्य भी पढ़ने को मिलेगा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आर्य समाज, श्रीगंगानगर द्वारा मोबाइल के युग में



युवाओं सहित जन-जन में सत्-साहित्य के अध्ययन की रूचि को कायम रखने के लिए अनूठी पहल करते हुए स्वामी दयानंद मार्ग स्थित आर्य समाज भवन में स्वामी श्रद्धानंद वाचनालय का लोकार्पण 22 दिसम्बर, रविवार को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। प्रधान रतन भटनागर ने बताया कि सर्वप्रथम लोक कल्याण की भावना से वैदिक यज्ञ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीधर शर्मा तथा वैदिक यज्ञ के पुरोहित नागेन्द्र शास्त्री होंगे। उन्होंने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद वाचनालय में भारतीय संस्कृति की धरोहर वैदिक साहित्य तथा आधुनिक शिक्षा के समन्वय का संगम देखने को मिलेगा। यहां विद्यार्थियों को ऋषियों के ज्ञान का भंडार मिलने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणादायक पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि आर्य समाज का उद्देश्य ज्ञान, संस्कृति तथा शिक्षा को एक साथ लाना है, ताकि समाज का हर व्यक्ति अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सके। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रवि वर्मा, धर्मेन्द्र भाटिया, दीपक सेठी, घनश्याम पाठक, देवेंद्र सिंह, राज सक्सेना, मीना जाखड़ सहित आर्य समाज के समस्त सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रधान रतन भटनागर ने विद्यार्थियों, युवाओं, बुद्धिजीवियों सहित शहरवासियों से 22 दिसम्बर, रविवार को प्रातः 10 बजे स्वामी दयानंद मार्ग स्थित आर्य समाज भवन में आयोजित स्वामी श्रद्धानंद वाचनालय के लोकार्पण कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

# नशा मुक्ति विषय पर राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यशाला

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सादुलशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय शिवर के दूसरे दिन नई किरण नशा मुक्ति विषय पर कार्यशाला का आयोजित हुआ। शिविर के शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने कार्यशाला के उद्देश्य व उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को पूरे मनोयोग से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. गजेन्द्र तंवर ने देश के



युवाओं को नशे के प्रति सजग व जागरूक रहकर स्वच्छ समाज की स्थापना करने का आह्वान किया। नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुए छात्र-छात्राओं को सजग व सचेत रहने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत व्हाट्सएप नंबर भी साझा किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को नशा विरोधी शपथ भी दिलवाई। शीशपाल खीचड़ ने वर्तमान समय में भारत देश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर करने के उपाय बताये। अंत में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. पूनम दत्ता ने अतिथियों, वक्ताओं व शिविरार्थियों का आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी पर नारेबाजी कर जताया आक्रोश

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष राजेश नागर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी पर रोष व्यक्त करते हुए शुक्रवार को एसएसबी रोड महाब्राह्मण चौक के समीप जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की तथा इस प्रकार की टिप्पणी को असहनीय बताते हुए देश की जनता से माफी मांगने की मांग की।

जिलाध्यक्ष राजेश नागर तथा जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ओछी



मानसिकता से दूषित राजनीति कर रही है तथा संविधान को बदलना चाहती है। आरएसएस के एजेंडे को लागू करने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी करके जन-जन की भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित पूरे देश की जनता में आक्रोश व्याप्त है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश नागर, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावाटी, सोहन नायक, प्रवीण ढिलौड़, मुकेश नागर, नानक चंद खटक, नितिन तंवर, राजेन्द्र इटकान, महिपाल इटकान, भागीरथ नायक, विजय बोहत, चन्द्रभान ढिलौड़, मोहित, अमन नागर, आशीष नागर, जीतू बावरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'एक शाम फिर से खाटू वाले के नाम' भजन संध्या कल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** प्रभु प्रेम ट्रस्ट द्वारा नववर्ष के स्वागत के लिए खाटू वाले श्याम बाबा की भजन संध्या एक शाम फिर से खाटू वाले के नाम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष सदावर्ती कमल अरोड़ा ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाबा के भक्तों के लिए भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 22 दिसंबर रविवार को सायं 5 से 9 बजे तक स्थानीय अंध विद्यालय परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में बाबा के विशेष कृपापात्र भक्तों में एक हीरे की अंगूठी और 100 गिफ्ट हैंपर भी बांटे जाएंगे। हीरे की अंगूठी एवं गिफ्ट हैम्पर्स के लिए



भक्तों को ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट प्रभु प्रेम ट्रस्ट डॉट कॉम पर रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक होगा। विजेताओं का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा तथा विजेता का भजन संध्या में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। भजन संध्या में सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम मंदिर सुदामा नगर के श्याम प्रेमियों द्वारा भजन की अमृत वर्षा की जाएगी।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण

**लगातार दूसरे दिन राजकीय विद्यालय में 63 छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट वितरित की: मल्होत्रा**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति, श्रीगंगानगर द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में योगदान देने के उद्देश्य से स्टेशनरी वितरण का सिलसिला निरन्तर जारी है। इसी कड़ी में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, 6 ए ढाणी में आयोजित कार्यक्रम में 63 जरूरतमंद विद्यार्थियों को रजिस्टर व पेन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवतार सिंह मल्होत्रा तथा विशिष्ट अतिथि जगीरचंद फरमा, रामदास बंसल, इंदुभूषण चावला व गोल्डी पाहुजा थे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद जैन ने की एवं मंच संचालन श्रीमती शिम्पी वाट्स ने किया। कार्यक्रम में राकेश बवेजा, श्रीमती अंजना पुन्यानी, श्रीमती करमजीत कौर, श्रीमती सीमा कौर, राजेंद्र सिंह, एसएमसी, एसडीएमसी सदस्य व अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राकेश बवेजा ने अवतार सिंह मल्होत्रा द्वारा किए



जा रहे सेवा कार्यों को समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल बताया।

प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद जैन ने अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति द्वारा विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में दिया गया योगदान अवश्य रंग लाता है तथा यही बच्चे सफलता के नये आयाम स्थापित कर जिले व देश का नाम रोशन करेंगे।

मुख्य अतिथि अवतार सिंह मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत जिंदगीभर काम आती है। शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती है तथा शिक्षा के दम पर व्यक्ति जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। श्री मल्होत्रा ने स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति के उद्देश्यों व गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि गत तीन वर्षो से नियमित रूप से राजकीय विद्यालयों में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि जरूरतमंद बच्चा अध्ययन सामग्री के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी सक्रियतापूर्वक भाग लेने का संदेश दिया, ताकि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। जगीरचंद फरमा ने कहा कि समय कीमती है, एक बार गया समय फिर कभी वापिस नहीं आता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए तथा लक्ष्य बनाकर व उसे हासिल करने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने माता-पिता व गुरुजन की आज्ञापालन पर भी बल दिया। इस अवसर पर स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति, श्रीगंगानगर सदस्य, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## छात्राओं को स्कूटिया वितरित करवाने के लिए कलेक्टर को दिया ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**पाली।** पाली के बांगड़ महाविद्यालय के छात्रसंघ उपाध्यक्ष असगर अली खत्री ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर से मिलकर 2022-23 कि छात्राओं को कालीबाई भील मैदानी योजना के तहत स्कूटियां वितरित करवाने का निवेदन किया उपाध्यक्ष असगर खत्री ने बताया कि इसी माह की 17 तारीख को 2023-24 की छात्राओं को स्कूटीया वितरित कर दी गई परंतु इससे पिछले शैक्षणिक वर्ष की छात्राओं को अभी तक स्कूटीया नहीं दी गई यह स्कूटीया वर्तमान में महाविद्यालय के ही बंद हॉल में पड़ी है।

## वीर बाल दिवस पर गतका शौर्य प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** फ्लोराडेल पब्लिक स्कूल में चार साहिबजादे वीर बाल दिवस मनाया गया। स्कूल में चार साहिबजादों के शहीदी दिवस को वीरबाल दिवस के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अरदास,मूल मंत्र और शब्द कीर्तन से हुई। तदोपरांत विद्यार्थियों ने निक्का जेहा खालसा नाटक के माध्यम से चार साहिबजादों के जीवन और उनके बलिदान गाथा को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने गतका शौर्य का शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

# डॉ. गोविन्द सोनी स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नियुक्त

### बैठक में संगठन विस्तार तथा सामाजिक सरोकारों पर हुई चर्चा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.), श्रीगंगानगर की बैठक शुक्रवार सायं संस्थापक एवं निदेशक संजीव सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोल बाजार स्थित होटल में हुई इस बैठक में सर्वप्रथम निदेशक कुलदीप सोनी सहदेव ने बैठक में पधारे समस्त स्वर्णकार बंधुओं का स्वागत-अभिनंदन किया तथा स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के गठन, उद्देश्यों एवं अब तक की गई कार्यवाही के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्थापक एवं निदेशक संजीव सोनी कुकरा ने एसोसिएशन का विस्तार करने तथा शिक्षा, चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में प्रस्तावित सेवा गतिविधियों से अवगत करवाया एवं समस्त सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा समाज हित में अधिकाधिक



समाजबंधुओं को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से डॉ. गोविन्द सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.), श्रीगंगानगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा एसोसिएशन के निदेशक मण्डल द्वारा उन्हें नियुक्ति-पत्र सौंपा गया। इस पर बैठक में मौजूद सदस्यों ने करतल ध्वनि से खुशी का इजहार किया तथा आशा जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज का सर्वांगीण उत्थान होगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. गोविन्द सोनी ने समाज के वरिष्ठ सदस्यों से राय-मशविरा करके जिला कार्यकारिणी गठित करने तथा सबको साथ लेकर समाज हित में कार्य करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण सोनी, चंदन सोनी, योगेश सोनी, इंद्राज सोनी, मोहनलाल सोनी, वेदप्रकाश सोनी, रोहित सोनी, नरेश सोनी, गोपाल सोनी, आकाश सोनी, अनिल सोनी, गोकुल सोनी, सुभाष कडोल, दिनेश सोनी, प्रेम सोनी कडोल, निखिल सोनी, अमन सोनी, यतीन्द्र सोनी, सुरेन्द्र सोनी सहित स्वर्णकार समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक के अंत में सफल आयोजन के लिए लक्ष्मी नारायण सोनी ने सबका आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में मिल रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं

## सीबीसी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी, 24 दिसंबर को पांच केंद्रों पर आयोजित होंगे शिविर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में आमजन को बेहतरीन एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। शुक्रवार को पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य शिविर लगाए गए। इसी तरह 24 दिसंबर को पांच शिविर लगाए जाएंगे।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि शुक्रवार को श्रीगंगानगर खंड के ख्यालीवाल, श्रीकरणपुर खंड के 48जीजी, पदमपुर खंड के फकीरवाली, सादुलशहर खंड के बनवाली एवं सूरतगढ़ खंड के दईदासपुरा में शिविर लगाए गए। यहां नियमति चिकित्सकों सहित दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आयुर्वेद चिकित्सक, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मियों ने सेवाएं दी।शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों की जांच एवं कैंसर आदि की स्क्रीनिंग की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा मुहैया करवाई गई। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाने सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया



जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक सभी पीएचसी व सीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. सिंगला अनुसार शुक्रवार को आयोजित शिविरों का जिलास्तर से डीपीएम विपुल गोयल, डीएनओ कमल गुप्ता, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया।

**तीन चरणों में होंगे शिविर**

सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे। इसमे प्रथम चरण के दौरान समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर शिविर, द्वितीय चरण में फॉलोअप शिविर जो कि पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होंगे व तृतीय चरण में रेफरल शिविर जो जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में कुपोषित बच्चों की पहचान, कुष्ठ रोगियों का उपचार, नियमित टीकाकरण और परिवार कल्याण साधनों का वितरण किया जाएगा। यह शिविर चिकित्सा सुविधाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

**मंगलवार को यहां आयोजित होंगे शिविरः** सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि 24 दिसंबर, मंगलवार को श्रीकरणपुर के मानकसर, पदमपुर के चानना, सादुलशहर के चक महाराजका, सूरतगढ़ के ढाबा और श्रीगगानगर के महियांवाली में शिविर लगाए जाएंगे।

## एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का सम्मेलन और शपथ ग्रहण समारोह 22 को

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन और तहसील हनुमानगढ़ का भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 22 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम सामुदायिक भवन, सैक्टर नंबर 12, खालसा स्कूल के पास, हनुमानगढ़ जंक्शन में सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ के विधायक गणेशराज बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर परिषद के पूर्व सभापति सुमित रणवा योगासन भारत राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल जुनेजा, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण विजय, और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेगे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा तहसील अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह (शहरी) और श्री विजय सिंह चौहान (ग्रामीण) सहित उनकी पूरी टीम को शपथ ग्रहण करवाई जायेगी।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बही भक्ति रसधारा

### भगवान अपने भक्त की सदैव रक्षा करते हैं : कथाव्यास भारत भूषण



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जी ब्लॉक स्थित शिव मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को भक्ति रसधारा बहाते हुए कथाव्यास आचार्य भारत भूषण ने भगवान के वराह अवतार की कथा, सृष्टि का विस्तार व वर्णन, काल की गणना, देवहुति का विग्रह, माता सती प्रसंग, वीरभद्र द्वारा दक्ष यज्ञ विध्वंस आदि कथा प्रसंगों द्वारा भगवान की भक्ति करने का संदेश देते हुए कहा कि भगवान अपने भक्त की सदैव रक्षा करते हैं। आचार्यश्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि विवाह संस्कार जीवन का महत्वपूर्ण अंग है तथा समस्त सनातनियों को विधिवत विवाह संस्कार करना चाहिए, जिससे गृहस्थ आश्रम रूपी यज्ञ विधिपूर्वक सम्पन्न हो सके। भगवान के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने झूमकर व नाचकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी भागीरथ शास्त्री, श्रीमती अंजु अग्रवाल, श्रीमती निशा सोनी व पं. अभिषेक शर्मा ने बताया कि 21 दिसम्बर, शनिवार को कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से मनाया जाएगा। अग्र समिति परिवार के संरक्षक मंजू खारीवाल-श्याम खारीवाल द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर अग्र समिति परिवार किशन खारीवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। श्रद्धालु-भक्तों से 24 दिसम्बर, मंगलवार तक प्रतिदिन सांय 2 बजे से 5.15 बजे तक जी ब्लॉक स्थित शिव मन्दिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**हनुमानगढ़।** मैट्रिक्स एकेडमी सीकर की ओर से शुक्रवार को मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 450 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, अवार्ड किट, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अमित चौधरी थे। संस्था निदेशक कपिल ढाका व अतिथियों ने प्रतिभावान पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को एक लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को सुधारण में सुव्यवस्थित उच्च कोटि के शिखर ले जाने की प्रेरणा दी । भाजपा नेता अमित सहु ने कहा कि ÷सपनों को साकार करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य होना अनिवार्य है। बिना लक्ष्य के पढ़ाई, दिशा के बिना यात्रा जैसी होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने रुचि और क्षमताओं के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें और उसके अनुसार तैयारी करें।÷ उन्होंने बताया कि करियर की योजना बनाते समय लंबे और छोटे लक्ष्यों को परिभाषित करना चाहिए। लक्ष्य आधारित अध्ययन से न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि परीक्षा और प्रतियोगिताओं में सफलता की संभावना भी अधिक होती है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने छात्रों को समय प्रबंधन, पढ़ाई की सही तकनीक, और मानसिक तनाव से निपटने के उपाय भी बताए। छात्रों ने इस सेमिनार को उपयोगी बताया और विशेषज्ञों के सुझावों को अपनी पढ़ाई में अपनाने की बात कही। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों ने भी करियर योजना से जुड़े अपने सवाल पूछे। मंच संचालन पुष्पेंद्र डूडी ने किया।

# भाकियू की बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा, आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक 20 दिसंबर को शाम 4 बजे यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष गोदारा मक्कासर ने की। बैठक में किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलनों की योजना बनाई गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 23 दिसंबर को पूरे देश में नई कृषि विपणन नीति की प्रतियां जलाई जाएंगी। किसानों ने इस नीति को किसान विरोधी बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। इसके साथ ही किसान नेता जगजीत सिंह डलेवाल के समर्थन में प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह प्रदर्शन 23 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे आयोजित होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि ज्ञापन सौंपने के बाद सभी किसान साथी टिब्बी में एथनोल फैक्ट्री के विरोध में चल रहे आंदोलन में शामिल होंगे। किसानों ने कहा कि फैक्ट्री क्षेत्र के पर्यावरण और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचा रही है, और इसका विरोध जारी रहेगा।

## हनुमानगढ़ जंक्शन के वार्ड नंबर 54 का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है। हनुमानगढ़ जंक्शन के वार्ड नंबर 54 स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय को वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत कर दिया गया है। यह जिले का एकमात्र संस्कृत विद्यालय है, जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर वार्डवासियों और संस्कृत प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को विद्यालय क्रमोन्नत की सूचना मिलते ही वार्ड वासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे फोड़कर खुशी मनाई।

# रवि पीळीबंगा का बागड़ी गीत रशियन टूल हुआ रिलीज

**पीलीबंगा ( जनमार्ग न्यूज )।** रवि पीळीबंगा का बागड़ी गीत रशीयन टूल रिलीज हुआ है। संगीत कलयुगी बीट के अनिल जांगिड़ ने दिया है। गीत की ज्यादातर शूटिंग जयपुर में हुई है। रवि पीळीबंगा हनुमानगढ़ जिले के 16 पीएनबी लिखमीसर के रहने वाले हैं। इस गीत के गायक और गीतकार रवि पीळीबंगा ने बताया कि बागड़ी बोली को आगे लाने के लिए बागड़ी में गीत तैयार कर रहे हैं। बागड़ी बोली पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में फैली हुई है। इस गीत के माध्यम से बागड़ी क्षेत्र का बखान किया गया है। सोशल मीडिया पर भी बागड़ी कलाकार, कॉमेडियन, गायक घर घर तक बागड़ी को पहुंचा रहे हैं। पंजाबी, हरियाणवी संगीत उद्योग की तरह राजस्थानी संगीत उद्योग भी आगे बढ़े इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि रवि पीळीबंगा ने 'म्हारो पेलो पेलो प्यार मेरी माई' और




'काळी काळी थार मैं घुमाद्यो भरतार' जैसे सुपर हिट राजस्थानी गीत दिए हैं। भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना ने इनके गीत पर रील भी बनाई है। हरियाणवी कलाकार ढांढा न्योलीवाळा और देशी मेलबोर्निया ने रवि पीळीबंगा के काम की तारीफ कर चुके हैं।

**राजस्थानी भाषा को मान्यता होती तो अलग ही होता नजारा : रवि पीळीबंगा**

रवि पीळीबंगा ने बताया कि राजस्थानी भाषा को मान्यता न होने के कारण यहां के कलाकारों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई करनी संभव ही नहीं है। राजस्थानी फिल्म उद्योग और संगीत उद्योग बहुत पीछे रह चुके हैं। लेकिन राजस्थानी कलाकारों ने अभी हार नहीं माननी है। राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए जी जान लगाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा राजस्थानी कलाकारों को सपोर्ट करें ताकि हम हमारी राजस्थानी कला, संस्कृति और भाषा को बचा सकें।

# खेलेगी बेटी,बढ़ेगी बेटी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सचखंड स्कूल के चेयरमैन मलकीत सिंह मान ने बताया कि सचखंड स्कूल कक्षा 8 कि छात्रा पलक ने डॉक्टर करणीसिंह शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली में आयोजित 67 वी नेशनल 10 मीटर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया और भारत की शूटिंग टीम के ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया है पलक ने इससे पहले लगातार 2 बार डिस्ट्रिक लेवल में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है इस मोके पर अतिथि पवनजीत सिंह मान अधिवक्ता कनाडा व परदीप सिंह रहे उन्होंने बताया की पलक द्वारा ये रिजल्ट उसकी कड़ी मेहनत का नतीजा है विधालय



परिवार कि तरफ से पलक को के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मोके पर प्रिंसिपल रमेश पारीक हरवीर सिंह हरिता सहगल अंजना कपिला आदि स्टाफ मोजूद था।

# संसद में घमासान– शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों– एफआईआर बनाम एफआईआर

## ❑ लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान ❑ बाबासाहेब आंबेडकर मुद्दे पर छिड़ा धमासान धक्का मुक्की से लेकर, पुलिस थाने की दहली? तक पहुंचा– मतदाता दंग उनका भ्रम भंग–एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र जिसके बारे में पूरी दुनियाँ चर्चा करती है। दूसरी ओर भारत का संविधान जो हमारे लिए पूज्यनीय है, परंतु इसके ऊपर ही संसद में चर्चा पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल संसद के ऊपरी सदन में माननीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ ऐसा जुमला बोला कि विपक्ष ने उसे हाथों- हाथ लपक लिया, उसे मुद्दा बनाकर गृहमंत्री के पद छोड़नें की मांग तक की बात बना दी जिसके बचाव में माननीय पीएम सहित अनेक मंत्री सामने आए व गृहमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर कहां की उसके बयान को एआई की मदद से तोड़ मरोड़ कर एक अंश को प्रस्तुत किया गया है जिसपर दो दिनों से घमासान चल रहा है, परंतु गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 का दिन संसद ? काला दिवस के रूप में माना जा सकता है,जहां शाब्दिक घमासान ने धक्का मुकी का रूप ले लिया, जिसमें दो सांसद महोदय घायल हो गए हैं व अस्पताल में भर्ती है,तथा दोनों प्रमुख पार्टियों ने एक दूसरे के खिला? पुलिसथाने में एफआईआर दर्ज करा दी है सताधारी पार्टी ने नए आईपीसी कानून की धारा 115 117 125 131 351 3(5) तो विपक्षी बड़ी पार्टी ने 114 115 116 117 129 130 131 133 धाराओं के अंतर्गत सांसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है जो मैंने एफआईआर के लिए दी गई पांच पुष्ठों की कॉपी देखी उसमें करीब 15 संसद सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं, जो मैंने अपने 40 वर्षों के स्तंभकार लेखन के करियर में शायद पहली बार ही यह देखा हूं, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुकी बाचाबाची देखकर मतदाता,जनता हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संसद में धमासान शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों एफआईआर बनाम एफआईआर।

साथियों बात अगर हम गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 को संसद परिक्षेत्र में धक्कामुक्की करें तो, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई है।कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, गृह मंत्री ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। आज बाबासाहेब के अपमान के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। जब इंडिया गठबंधन के सांसद मकर द्वार पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष और नेता विपक्ष के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष को चोट भी आई है सत्ताधारी पार्टी की इस गुंडागर्दी के खिलाफ आज कांग्रेस के सांसदों ने संसद मार्ग स्थित पुलिस थाने में बदसलूकी करने वाले सांसदों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।लोकसभा स्पीकर को भी लिखा पत्र इसके अलावा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र




लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की, जो न सिर्फ कांग्रेस नेता की गरिमा पर हमला है, बल्कि संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत भी है। उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि इस मामले में वह उचित कार्रवाई करें। कांग्रेस सांसदों ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं।संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ के प्रोपेगेंडा को बेनकाब कर रहे थे और उनसे माफी की मांग कर रहे थे। उसी समय राहुल गांधी अपने इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ आए और तय रास्ते से न जाकर एनडीए के सांसदों के बीच आ गए। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों को उकसाया भी और दुर्भावनापूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े।राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें 109 हत्या का प्रयास और 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला है।दूसरी तरफ, मणिपुर से भाजपा की महिला राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक ने राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर राहुल गांधी बताया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अत्याचारों के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रही थीं, तभी यह घटना हुई।कोन्याक ने चिट्ठी में बताया, मैं मकर द्वार की सीढ़ियों के नीचे हाथ में तख्ती लेकर खड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने वहां घेराबंदी कर दूसरे दलों के सांसदों के प्रवेश के लिए एक रास्ता बनाया हुआ था। उसी समय राहुल गांधी अपनी पार्टी के अन्य सांसदों के साथ मेरे सामने आ गए, जबकि उनके लिए अलग रास्ता बनाया हुआ था। उन्होंने ऊंची आवाज में मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और वह मेरे इतने करीब थे कि एक महिला सदस्य होने के नाते मैं बहुत असहज महसूस कर रही थी।. कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायतसंसद भवन परिसर में हुई हाथापाई को लेकर कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने बीजेपी सांसदों पर अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके अलावा कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की। कांग्रेस ने स्पीकर से उचित कार्रवाई की मांग की।

अतः अगर हम उपरोक्त पुरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संसद में घमासान - शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान.बाबासाहेब आंबेडकर मुद्दे पर छिड़ा धमासान धक्का मुक्की से लेकर, पुलिस थाने की दहली? तक पहुंचा- मतदाता दंग उनका भ्रम भंग



-संकलनकर्ता लेखक - सर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# अपराध-सट्टे व नशे के विरूद्ध भगतसिंह सेना ने खोला मोर्चा

## श्रीगंगानगर आए आई.जी. व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भगत सिंह सेना श्रीगंगानगर का एक शिष्ट मण्डल प्रिमुख नवीन भगत व अध्यक्ष नवीन डाबला के नेतृत्व में श्रीगंगानगर दौरे पर आए आईजी बीकानेर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर श्रीगंगानगर में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों, सट्टे व नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को फ्री हैण्ड देने तथा अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने की माँग का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत करवाया गया कि श्रीगंगानगर में पिछ्ले एक सप्ताह में सरेआम तीन हत्याएं हो चुकी हैं व लड़ाई-झगड़े की वारदातें भी निरंतर बढ़ रही है श्रीगंगानगर में आदतन अपराधी माफिया व गेंगस्टर वर्चस्व की लड़ाई में शहर की कानून व्यवस्था व शांति भंग हो रही है व आमजन में डर का माहौतल उत्पन्न हो गया है। साथ ही शहर में अवैध नशे व सट्टे का कारोबार निरंतर बढ़ रहा है। ज्ञापन में अवगत करवाया गया कि इस गुंडागर्दी व लड़ाई-झगड़े के पीछे मुख्य कारण शहर में सरेआम बिक रहा अवैध नशा है जिस कारण आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी नशे की चपेट में आकर अंधकार मय हो रहा है व नशा खरीदने के लिए अपराध का रास्ता चुनकर आपराधिक घटनाएं कारित कर रहे हैं । अपराधियों के हौंसले इतने बढ़ चेके हैं कि अपराधी अपराध कारित कर भाग जाते हैं यह जिला पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौती है कि प्रशासन आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय बनाकर रखे ताकि आमजन जागरूक व निडर होकर पुलिस प्रशासन का साथ देकर इन अपराधों पर लगाम लगा सके। ज्ञापन में माँग की गई कि पुलिस थानों व चौकियों में हर वर्ग के पुलिस कर्मी को अपराधियों के विरूद्ध फ्री हैण्ड दिया जाए ताकि अपराध पर अंकुश लग सके। शिष्ट मण्डल में अशोक हिन्दूस्तानी सचिव, एडवोकेट राधेश्याम, बॉबी पहलवान, एडवोकेट मुकेश देहड़ान आदि शामिल थे।

# सात दिवसीय सफ़र ए शहादत समागम का आगाज कल से



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों एवं माता गुजर कौर जी सहित समस्त सिंघ-सिंघनिओं की लासानी शहादत को समर्पित 7 दिवसीय %सफ़र-ए-शहादत% समागम का आयोजन जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में 22 से 28 दिसम्बर तक किया जाएगा। इस अवसर पर रोजाना सांय 8 से रात्रि 9.30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे, जिसमें अनेक पंथ प्रसिद्ध प्रचारक रागी जत्थे व कथावाचक संगत को गुरू साहिब के परिवार व अन्य सिंघ-सिंघनिओं द्वारा दी गई शहादतों का इतिहास श्रवण करवाएंगे। गुरुद्वारा के प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि इस बीच 25 दिसम्बर, बुधवार सुबह 10.30 बजे बच्चों का गुरबाणी लैक्चर मुकाबला करवाया जाएगा। समागम का समापन 28 दिसम्बर, शनिवार को होगा। इस अवसर पर श्री सहज पाठ के उपरांत प्रातः 9:30 बजे से संगत द्वारा कीर्तन एवं वाहेगुरु सिमरन किया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रमों के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

**समागम में पंहुच रहे रागी जत्थे:** प्रधान वासन ने बताया कि सफ़र ए शहादत समागम के दौरान रोजाना क्रमशः भाई निर्भय सिंह, हजूरी रागी तख्त श्री दमदमा साहिब, भाई बलप्रीत सिंह (लुधियाना वाले), भाई सरूप सिंह रूप, श्री दरबार साहिब अमृतसर से हुजूरी रागी जत्थे भाई सिमरप्रीत सिंह, भाई सिमरनजीत सिंह व भाई गुरमेल सिंह कथा कीर्तन द्वारा संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे, इनके अलावा गुरुद्वारा साहिब के हजूरी कथावाचक भाई संतोख सिंह एवं हुजूरी कीर्तनी जत्था भाई हरविन्द्र सिंह हीरा भी रोजाना रात के दीवानों में हाजरियां भरेंगे।

# संगत ने सिद्धांतों पर हमेशा पहरा देने का लिया संकल्प

## सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन राजस्थान का तीसरा गुरमत समागम दो एफएफ



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिखी सिद्धांतों की लहर से जन जन को जोड़ने के लिए शुक्रवार की रात्रि को सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन राजस्थान की ओर से तीसरा महान गुरमत समागम का आयोजन दल बाबा बीदी चंद जी के मुखी बाबा अवतार सिंह स्थान दो एफएफ स्थित गुरुद्वारा किया गया, जिसमें भयंकर ठंड होने के बावजूद बड़ी संख्या में संगत पहुंची और सभी ने एक स्वर में सिखी सिद्धांतों पर हमेशा पहरा देने और अमर शहीद गुरुओं की राह पर चलते हुए धर्म व इंसानियत की रक्षा करने का संकल्प लिया। समागम शाम छह बजे शुरू हुआ, जिसमें बाबा साहिब सिंह चालीस पीएस और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुखी भाई जसपाल सिंह ने कथा कीर्तन कर संगत को निहाल किया। श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के चार साहिबजादो व समूह सिख गुरुओं की शहादत की याद में अयोजित इस समागम में संगत उस समय भाव विभोर हो उठी, जब कथा कीर्तन के माध्यम से उन्होंने सिख गुरुओं द्वारा इंसानियत व धर्म की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानियों के बारे में विस्तार से जाना।

फैडरेशन के अध्यक्ष लवप्रीत सिंह बराड़ ने बताया कि समागम के दौरान सिख इतिहास से संबंधित लिट्रेचर का भी वितरण किया गया। मंच संचालन की जिम्मेदारी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक अमृतपाल सिंह राजस्थानी ने संभाली। उन्होंने सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन द्वारा चलाई सिखी सिद्धांतों की लहर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संगत को फैडरेशन के उद्देश्यों के बारे में भी जानकारी दी। समागम के समापन के अवसर पर फैडरेशन की और से बाबा साहिबसिंह 40 पीएस, भाई जसपाल सिंह और शहीद सिंह के पुत्र बलजिंदर सिंह व उनके परिवार को सरोपा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद गुरू का अटूट लंगर वितरित किया गया। खास बात भी रही कि शरीर की सुन्न कर देने वाली भयंकर ठंड के बावजूद संगत व सेवादारों ने उत्साह के साथ समागम में भाग लिया। सेवादारों ने भी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी से निर्वहन किया।

# पांच स्काउट अध्यापकों ने हिमालय वुड बैज का प्रशिक्षण लिया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा स्काउट अध्यापक की योग्यता वृद्धि के लिए जिले के 5 स्काउट अध्यापकों ने हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण प्राप्त किया । सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बताया श्रीगंगानगर जिले के राउमा विद्यालय, मनफूल सिंह वाला के स्काउटर चुन्नीलाल, राउमा विद्यालय 13एसडी,सूरतगढ़ के सुनील कुमार, राउमा विद्यालय 10 केडी,रावला के श्योपत राम बांदड़ा, राउमावि समेजा कोठी के संजीव कुमार एवं विवेकानंद रामावि के स्काउटर जगदीश कुमार ने गत दिनों पुष्कर घाटी,अजमेर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर में विभिन्न प्रशिक्षण जैसे प्राथमिक चिकित्सा,चोट का उपचार,आग लगने से घायलों का बचाव,आपदा प्रबंधन,भूकंप, बाढ़ पीड़ितों का बचाव,लीडर शिप समय प्रबंधन,राष्ट्रीय भावना,सेवा कार्य आदि के प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के प्रभारी एवं राज्य संगठन पूर्ण सिंह शेखावत और लीडर ट्रेनर अभयसिंह शेखावत ने बालक,बालिकाओं में शारीरिक,मानसिक,बौद्धिक विकास आदि के बारे समझाया गया।स्काउट गाइड और शिक्षकों के दायित्व के बारे भी जानकारी दी गई।

# अमित शाह की कथित टिप्पणी पर सीपीएम का विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन और इस्तीफे की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित लाल चौक पर शुक्रवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संबंध में कथित तौर पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अमित शाह से सार्वजनिक माफी मांगने और गृह मंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रामेश्वर वर्मा ने कहा, ÷बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान की रचना की, जो हमारे लोकतंत्र की नींव है। ऐसे व्यक्ति के अपमान को देश कतई सहन नहीं करेगा। अमित शाह को इस शर्मनाक बयान के लिए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।÷ प्रदर्शन में शामिल रघुवीर वर्मा ने कहा, अमित शाह उसी संविधान के तहत गृह मंत्री पद पर आसीन हैं, जिसे बाबा साहेब ने तैयार किया था। उनकी टिप्पणी से देशभर में आक्रोश है। इस तरह के



बयान न केवल बाबा साहेब का बल्कि पूरे देश का अपमान हैं। राष्ट्पति को तत्काल हस्तक्षेप कर अमित शाह से इस्तीफा लेना चाहिए।÷ सीपीएम बहादुर सिंह चौहान ने अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयान से लोकतंत्र और संविधान के प्रति उनकी असंवेदनशीलता उजागर होती है। आत्मा सिंह ने कहा कि अमित शाह को बाबा साहेब के अपमान के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने नारे लगाते हुए कहा कि बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर अमित शाह ने अपने बयान पर माफी नहीं मांगी, तो इस आंदोलन को देशव्यापी स्तर पर बढ़ाया जाएगा। इस पूरे प्रकरण को लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से न केवल समाज में विभाजन होता है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। गौरतलब है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने संविधान निर्माण के जरिए भारत को लोकतांत्रिक और समावेशी स्वरूप दिया। ऐसे में उनके सम्मान पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी को लेकर जनता और राजनीतिक संगठनों में गहरा आक्रोश स्वाभाविक है। आज के प्रदर्शन में कामरेड बसंत सिंह बीएस पेंटर गुरप्रेम सिंह मुकद्दर अली सुल्तान खान वारिस अली धनराज हरजी वर्मा मेजर सिंह बूटा सिंह गुरुनायक सिंह विनोद वर्मा एडवोकेट लालचंद एडवोकेट देवीलाल मेघवाल गुरतेज सिंह वाली शेर संजय वकील सिंह मोहन सिंह अफसर मुंशी आदि शामिल थे पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होऐ जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए पहुंचे।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब की मूर्ति के समक्ष जलाया अमित शाह का पुतला

## डॉ. अम्बेडकर का अपमान, कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का-मुक्की व राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाने के खिलाफ जताया आक्रोश

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने, कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश से रोकने के लिए धक्का-मुक्की करने और नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पुतला दहन का कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी के नेतृत्व में जंक्शन में अम्बेडकर चौक पर स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के सामने हुआ। इस दौरान डीसीसी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने के बाद भाजपा ने उस घृणित घटना पर शर्मिंदा होने की जगह कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश करने से रोकने के लिए उनके साथ धक्का-मुक्की की। यही नहीं अपनी कारगुजारियां छिपाने के लिए नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवा दिया। दादरी ने बीजेपी की राज्यसभा सांसद फैंगनॉन एस कोन्याक की



ओर से लगाए गए आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गरिमा गिराने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय कारोबारी गौतम अदानी पर हुए केस के बारे में चर्चा से ध्यान भटकाने के लिए बीजेपी ये सब कर रही है। जिला प्रमुख कविता मेघवाल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है, संविधान का अपमान किया है, उनकी आरएसएस की विचारधारा दर्शाती है कि वो स्वयं बाबा साहेब के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते। समूचा विपक्ष अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहा है। एससी विभाग प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चांवरिया ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को भाजपा की ओर से अपनाए जा रहे इस तरह के हथकंडों से डर नहीं लगता। बीजेपी के लोग कांग्रेस सांसदों को संसद में उनकी बात रखने से नहीं रोक सकते। उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर का मजाक उड़ाने वाले गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा देने की मांग की। पीसीसी सचिव मनीष मक्कासर व पीसीसी सदस्य प्रेमराज नायक ने कहा कि हर किसी ने देखा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं ने अमित शाह से इस्तीफे की मांग को लेकर अम्बेडकर की प्रतिमा के पास प्रोटेस्ट किया। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने संसद के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन बीजेपी सांसदों ने उनका रास्ता रोक लिया और कांग्रेस सांसदों को संसद के भीतर नहीं जाने दिया। इस झड़प के दौरान कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड? सहित कई लोग गिरे।

# नंदराम की ढाणी में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन के निकट स्थित गांव नंदराम की ढाणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर नेटबॉल 19 वर्ष छात्र-छात्राओं का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 20 दिसंबर से 21 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 24 छात्र और 24 छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य राजस्थान की नेटबॉल 19 वर्ष आयु वर्ग की सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करना है, जो 25 से 28 दिसंबर 2024 तक कोरबा (छत्तीसगढ़) में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। शिविर में निदेशालय से आए प्रशिक्षकों ने खेल के मापदंडों के आधार पर खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी की। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर गांव के सरपंच रामेश्वर लाल कड़ेला, वार्ड पंच राजेंद्र जोशी, गुलजारीलाल नोखवाल, सुरेंद्र बाघेला, लाधुराम भीचार, और हनुमान गेघर जैसे प्रमुख ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों का परिचय लिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और राज्य टीम के सफल प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के राजयोग भवन का भूमि पूजन संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन में प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय की ओर से निर्मित होने वाले राजयोग भवन का भूमि पूजन समारोह बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष बंसल, निवर्तमान सभापति सुमित रणवा, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कैलाश दीदी (बठिंडा) और ब्रह्मकुमारी उषा दीदी ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि संतोष बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि राजयोग भवन न केवल आध्यात्मिक शांति का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने ब्रह्मकुमारी संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने कहा कि राजयोग भवन जैसे संस्थान आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक और आध्यात्मिक शांति प्रदान करने का जरिया बनेंगे। उन्होंने इस परियोजना को हनुमानगढ़ के विकास और पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कैलाश दीदी ने अपने वक्तव्य में राजयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह भवन आत्मा की शुद्धि, जीवन में सकारात्मकता और तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाएगा। ब्रह्मकुमारी उषा दीदी ने संगठन की सेवाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजयोग भवन से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा और यह भवन शांति, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने में सहायक होगा। भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने प्रजापति ब्रह्मकुमारी संगठन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि इस भवन के निर्माण से क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ेगी। राजयोग भवन के निर्माण का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों का प्रसार करना और मानसिक शांति के लिए एक समर्पित स्थल तैयार करना है। यह भवन विभिन्न ध्यान, योग और आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र होगा। समारोह का समापन प्रसाद वितरण और अतिथियों द्वारा शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# बस की टक्कर से कार सवार नवदंपति की मौत, दूसरा घायल

- बीकानेर-श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाईवे पर सुबह सवेरे हादसा
- मृतक युवक हरियाणा पुलिस का सिपाही, मृतका नर्स

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर** 21 दिसंबर। बीकानेर जिले में बीकानेर-श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाईवे पर सैरूणा थाना क्षेत्र के गांव झेंझुऊं के पास आज सुबह सवेरे कोहरे के कारण लोक परिवहन सेवा की बस तथा एक कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई।कार में सवार एक नवदंपति की मृत्यु हो गई और दूसरा दंपति घायल हो गया। सैरुणा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान अजय सिंह (30) और उसकी पत्नी रितु (28) निवासी महेंद्रगढ़ (हरियाणा) के रूप में हुई है।घायल हुआ दंपति अभिषेक (28) और नचिता (26) है जो कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के ही रहने वाले हैं।मृतक अजयसिंह हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल



था।उसकी पोस्टिंग गुरुग्राम में थी। उसकी पत्नी रितु भी सरकारी नर्स थीं। इन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सुबह जब यह हादसा हुआ तो पास में ही एक सोलर प्लांट के ट्यूबवेल पर मौजूद कृष्ण नामक व्यक्ति भाग कर आया। उसी ने ही कार में सवार दोनों दंपतियों को बाहर निकाला। इस बीच वहां अन्य लोग भी इकट्ठे हो गए। घायलों को तुरंत ही बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल के लिए रवाना कर दिया गया। यह दुर्घटना श्रीडूंगरगढ़ से बीकानेर की तरफ लगभग 22 किमी की दूरी पर हुई।प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि सुबह कोहरा होने के कारण आमने-सामने से आ रहे वाहनों के चालकों को दिखाई नहीं दिया,जिसकी वजह से टक्कर हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों नवदंपति नव वर्ष के आगमन पर इंजॉय करने के लिए 10 दिन के राजस्थान टूर पर निकले थे। बीकानेर होते हुए उन्होंने जोधपुर और जैसलमेर आदि शहरों में जाना था। पुलिस ने मृतक दंपति के परिवार वालों के आने पर शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके सुपुर्द कर दिए। घायल दंपति की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। उनकी हालत में सुधार भी हो रहा है।

# ट्रेडर्स एसोसिएशन चुनाव आज, तैयारियां पूर्ण

- सीसीटीवी कैमरे लगाए, फोटो युक्त कार्ड लाना होगा

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर**। दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव कल रविवार को होगा। स्थानीय नई अनाज मंडी में एसोसिएशन भवन में मतदान और मतगणना संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव अधिकारियों रामावतार महिपाल, गुरबख्श सिडाना और जयप्रकाश बैरड ने बताया कि एसोसिएशन भवन के अंदर तथा बाहर 4 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें दो कैमरे वोट डालने के लिए अंदर जाने और वोट डालकर बाहर आने वाले गेटों पर तथा दो कैमरे अंदर हाल में लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से मतदान और मतगणना पर नजर रखी जाएगी। कुल मतदाताओं की संख्या 918 है। मतदाताओं को फोटो युक्त कार्ड एसोसिएशन की ओर से दिए जाएंगे। यह कार्ड लाने वाले को ही अंदर आने दिया जाएगा। फोटोयुक्त कार्ड बनाने का कार्य भी मुकम्मल कर लिया गया। अध्यक्ष पद के लिए भूपेंद्रपाल आहूजा और जगदीशचंद्र बंसल में मुकाबला है। भूपेंद्रपाल आहूजा सात बार इस एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी रह चुके हैं। वह पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।जगदीशचंद्र बंसल भी पहली बार मैदान में उतरे हैं।आहूजा को वर्तमान अध्यक्ष धर्मवीर डूडेजा का समर्थन प्राप्त है तो जगदीशचंद्र बंसल को पूर्व अध्यक्ष विपिन अग्रवाल का गुट समर्थन दे रहा है। दोनों में ही जबरदस्त मुकाबला है। जीत-हार का अंतर काफी कम रहने की संभावना है। कोषाध्यक्ष पद के लिए भी सुशील सिंगला और शुभम अरोड़ा में सीधी टक्कर है। इनमें भी मुकाबला कड़ा रहने का कयास हैं। गौरव मुंडा वाला सचिव, अमरसिंह मंडा प्रथम उपाध्यक्ष, अमित झाझडिया द्वितीय उपाध्यक्ष तथा नमन गर्ग सहसचिव पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

## छत के रास्ते चोर दुकान में घुसे

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। हनुमानगढ़ जिले में भादरा शहर में गुड मंडी की एक दुकान में रात्रि के समय तीन चोर छत के रास्ते से घुस गए। दुकान के गल्ले से 70-75 हजार की नगदी के साथ सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर उखाड़ कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकानदार विनय मित्तल निवासी वार्ड नंबर 29 को चोरी होने का तब पता चला जब वह कल शुक्रवार सुबह दुकान पर आया।वह गुरुवार रात्रि 9:28 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। दुकान के पीछे ही एक प्राइवेट स्कूल है। नजदीक अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला की रात को तीन युवक स्कूल की छत से दुकान की छत पर आए और फिर नीचे दुकान में आकर गल्ले से नगदी निकल जाते हुए सीसीटीवी कैमरा का सेट और डीवीआर भी ले गए।

# कोर्ट परिसर में दामाद और ससुरालियों में झगड़ा

- मामला दर्ज, तीन महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। अनूपगढ़ में कोर्ट परिसर में दामाद और ससुराल में झगड़ा हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जने मामूली घायल हो गए। दामाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने ससुराल वालों पर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले की जांच करें हवलदार फूलचंद ने बताया कि बांडा कॉलोनी गांव निवासी हरविंदरसिंह कंबोज सिख (35) का अपनी पत्नी और ससुराल वालों से विवाद चल रहा है। हरविंदर सिंह ने अपनी पत्नी का त्याग




किया हुआ है और वह किसी अन्य युवती के साथ रहता है। हरविंदर सिंह और उसकी पत्नी बलजीतकौर में तलाक का मामला अदालत में भी विचाराधीन है। कल इसी मामले की अदालत में तारीख पेशी थी, जिस पर दोनों पक्ष आए हुए थे। इसी दौरान ही इनमें झगड़ा हो गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने हरविंदरसिंह और उसके साथ आए हुए लोगों से मारपीट करते हुए उन पर ईंट पत्थर भी फेकें। झगड़ा होने से कोर्ट परिसर में एक बार तो अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हरविंदरसिंह की पत्नी बलजीत कौर (32), उसके पिता मलकीतसिंह (70) मां सरजीत कौर (65) निवासी गोमावाली और एक अन्य महिला भगवंती स्वामी (65) निवासी प्रेम नगर अनूपगढ़ को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## बरुवाला बस अड्डा के पास झगड़ा करते सात गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। अनूपगढ़ जिले में समेजा कोठी थाना क्षेत्र के गांव बरूवाला के बस अड्डा के पास कल शाम को झगड़ा फसाद कर रहे सात युवकों को पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गांव बरुवाला के गुरुप्रीतसिंह रायसिख (19)गुरजीतसिंह रायसिख (22),राकेश रायसिख (19), कश्मीरसिंह रायसिख (19) और चक 19 पीटीडी निवासी सूरज नायक (19),राहुल जाट (19) और चक 9-एलपीएम निवासी नवदीपसिंह मजहबी सिख (18) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन युवकों का कुछ दिन पहले रायसिंहनगर की सब्जी मंडी में भी झगड़ा हो गया था।

# पिकअप बस भिड़ंत में पांच बच्चों सहित 6 घायल

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। चुरू जिले में आज सुबह घने कोहरे के कारण चुरू-सरदारशहर मार्ग पर रामपुर बिस और खारिया गांव के बीच एक प्राइवेट स्कूल की बस तथा चारा लेकर जा रही पिकअप गाड़ी में टक्कर हो गई।स्कूल बस में सवार पांच बच्चे घायल हो गए जबकि पिकअप में भी सवार एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूरू के एक प्राइवेट स्कूल की बस गांव रामपुरा बास और खारिया से बच्चों को लेकर चूरू आ रही थी। उक्त गांव के बीच एक जगह बस को चालक बैक करने लगा, तभी पीछे से पिकअप गाड़ी टकरा गई। दोनों वाहनों में टक्कर होने पर इस हाइवे पर अन्य वाहन रुक गए।लोगों ने घायलों को वाहनों से बाहर निकाला और चूरू के डीबी हॉस्पिटल में भिजवाया। घायलों में गांव रामपुरा बास निवासी आदित्य (14), विनय (11), प्रिंस (6), राजपाल (11), पीयूष (12)तथा पिकअप में सवार हमीरवास निवासी भूपेंद्र (21) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी में चार लड़कर झुंझुनू ले जाया जा रहा था।

सुबह की शुरूआत
प्रातःकालीन
जनमार्ग
के साथ
ताजा और
ज्यादा खबरें

# अखिल राजस्थान विशेष शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। अखिल राजस्थान विशेष शिक्षक संघ द्वारा उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद जी बैरवा को व्याख्याता विशेष शिक्षा के पदों पर डीपीसी एवं भर्ती करने हेतु ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार स्वामी ने बताया कि राज्य में सामान्य अध्यापकों की डीपीसी व्याख्याता के पदों पर की जा चुकी है तथा भर्ती का विज्ञापन भी आ चुका है, लेकिन दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले वरिष्ठ अध्यापक विशेष शिक्षा की डीपीसी व्याख्याता विशेष शिक्षा के पदों पर तथा तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी पर अभी तक नहीं हो पाई है तथा ना ही भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। वर्तमान में अब तक इन पदों हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान नहीं की गई है। संगठन के अनुसार इससे पहले 2015-16 में डीपीसी की गई थी। इसके बाद आज तक डीपीसी नहीं की गई है। जिससे माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत



अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा संबलन पढाई बाधित हो रही है। अत: संगठन ने मांग की है कि राज्य की संवेदनशील सरकार इन दिव्यांग बच्चों के शिक्षा और सम्बलन को ध्यान में रखते हुए व्याख्याता विशेष शिक्षा के पदों पर तथा द्वितीय श्रेणी के पदों पर डीसीपी करें तथा सीधी भर्ती करें। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार स्वामी, जिला महामंत्री राकेश कुमार, गुरमीत सिंह, विक्रम कुमार, हुसनप्रीत व अन्य विशेष शिक्षक उपस्थित रहे।

## रात को ट्रक का 300 लीटर डीजल चोरी

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। स्थानीय सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर सेक्टर 17 मार्केट में आनंद हॉस्पिटल के पास कल रात को खड़े एक ट्रक के डीजल टैंक से अज्ञात व्यक्ति लगभग 300 लीटर डीजल चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार यह ट्रक माल लेकर इस मार्केट में आया था। रात को ड्राइवर ने जहां माल उतरना था,उस गोदाम के आगे ट्रक खड़ा कर केबिन में सो गया। वह सुबह उठा तो डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था। उसमें से करीब 300 लीटर डीजल गायब था। चालक ने इसकी जानकारी ट्रक मालिक बनवारीलाल रतिवाल को दी। चोरों का पता लगाने के लिए मार्केट में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा जा रहा है।

# भाजपा नेता को राजनीति छोड़ देने की धमकी

- रकम देने के लिए भी धमकाया, गुठली गैंग पर शक

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर में एक पार्षद के पुत्र एवं भाजपा नेता को फोन पर धमकी दी गई है। धमकी देने में एक कुख्यात गुठली गैंग पर शक किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदमपुर में आढत के व्यापारी एवं पार्षद महेशपाल ब्राह्मण के पुत्र यतिन शर्मा(35) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर रघुवीर सिंह भाटी निवासी बीकानेर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार यतिन शर्मा ने दर्ज करवाए मुकदमे में बताया है कि वह 19 दिसंबर की रात को अपने घर पर था। रात्रि लगभग 11 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आई जिसे रिसीव किया तो फोन करने वाले ने अपना नाम रघुवीर सिंह भाटी निवासी बीकानेर बताते हुए कहा कि वह उससे मिलना चाहता है। यतिन के अनुसार जब उसने पूछा कि आप कौन बोल रहे हो तो वह गालियां निकालना और धमकाने लगा कि तुम राजनीतिक करना छोड़ दो। नहीं तो मैं तुम्हारी टांगे तोड़ दूंगा। वह जान से मारने की धमकी देने लगा। यतिन के अनुसार उसने उक्त व्यक्ति को समझाया लेकिन वह नहीं माना तथा लगातार जान से मारने की धमकियां देता रहा तो उसने फोन काट दिया।बाद में उसने उक्त व्यक्ति को फोन करके पूछा कि- सही बताओ कि आप कौन हो, कहां रहते हो और जान से मारने की धमकी क्यों दे रहे हो तो रघुवीर सिंह भाटी नामक इस व्यक्ति ने उसे फिर धमकाते हुए कहा कि तेरे को जो कहता हूं, वह रकम दे देना। नहीं तो सोच लेना तेरे को पता नहीं कि मैं गुठली गैंग का सदस्य हूं। यतिन शर्मा ने इस धमकी को देखते हुए अपनी जान-माल को खतरा होने का अंदेशा व्यक्त किया है। पुलिस ने जिस नंबर से धमकी दी गई,उसकी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यतिन शर्मा का बीकानेर में भी कारोबार है। मामले की जांच थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र राणा खुद कर रहे हैं।

## मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)**। एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर मारपीट करने के एक पुराने मामले में हिंदूमलकोट पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इसी वर्ष 18 फरवरी को धर्मेंद्रसिंह निवासी चक 3-सी बड़ी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कुछ व्यक्तियों पर उसे रस्सी से बांधकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में अब बलविंदरसिंह निवासी चक 1-सी बड़ी और गुरजंटसिंह निवासी रामपुरा न्यौला को गिरफ्तार किया गया है।

## बेसन का सैंपल फेल होने पर निर्माता, होलसेलर और रिटेलर को जुर्माना

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। अनूपगढ़ में खाद्य सुरक्षा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेसन का लिया गया सैंपल जांच में फेल हो जाने पर निर्माता, होलसेलर और रिटेलर को चार लाख पचास हजार का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पिछले दिनों अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 12 में ए टू ज डिपार्टमेंटल स्टोर में बिसाऊ वाला श्री ब्रांड के बेसन का सैंपल लिया था, जो की लेबोरेटरी जांच में फेल हो गया। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रकरण पेश किया गया। एडीएम अशोक सांगवा ने प्रकरण का निस्तारण करते हुए विसाऊवाला श्री ब्रांड बेसन की निर्माता औद्योगिक इकाई मैसेज श्री भगवती उद्योग,बिसाऊ जिला झुंझुनू को तीन लाख रुपए, होलसेलर विक्रेता पारस होलसेल भंडार सूरतगढ़ को एक लाख रुपए और रिटेलर ए टू ज डिपार्टमेंटल स्टोर को 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# विदेशी डॉग्स की फाइटिंग पर करोड़ों की सट्टेबाजी

- कांग्रेस नेता के बेटे के फार्म हाउस से 81 आरोपी गिरफ्तार
- फार्म हाउस से 19 प्रतिबंधित कुत्ते बरामद

**जनमार्ग न्यूज।**

**हनुमानगढ़**। हनुमानगढ़ में कांग्रेस नेता के बेटे के फार्म हाउस से विदेशी नस्ल के 19 प्रतिबंधित कुत्तों पर सट्टेबाजी कर रहे 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुत्तों को फार्म हाउस में ही निगरानी में रखा है। पुलिस ने 15 वाहन भी जब्त किए हैं। इस बीच कई लोग पुलिस का छापा पड़ते ही मौके से दीवार कूदकर फरार हो गए। मामला टाउन थाना इलाके के चक बूड़सिंहवाला रोही गाहडू का गुरुवार रात 2 बजे का है। एसपी अरशद वारसी ने बताया कि पुलिस ने कांग्रेस के पंचायत समिति सदस्य भानीराम बगड़िया के पुत्र अमन बगड़िया के फार्म हाउस में छापा मारा।



जहां पर विदेशी नस्ल के प्रतिबंधित खूंखार कुत्तों पर सट्टा लगाया जा रहा था। मौके से दांव लगाते 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। कुछ लोगों से लाइसेंसी हथियार भी बरामद हुए हैं। इस बीच कई लोग पुलिस का छापा पड़ते ही मौके से दीवार कूदकर फरार हो गए। एसपी अरशद वारसी ने बताया कि कुछ कुत्ते फाइट के कारण घायल अवस्था में मिले। जिनका इलाज करवाया जा रहा है। इन कुत्तों को फार्म हाउस में ही पुलिस की निगरानी में सुरक्षित रखवाया गया है। सट्टा लगाते पकड़े गए आरोपियों में अधिकतर लोग पंजाब-हरियाणा के रहने वाले हैं, जो यहां कुत्तों को निजी वाहनों में लाकर शर्तें लगा रहे थे। एसपी अरशद अली ने बताया कि शुक्रवार शाम को सूचना मिली कि टाउन क्षेत्र के एक फॉर्म हाउस में पंजाब और हरियाणा के कुछ लोग आए हुए हैं, जो देश में प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों की आपस में फाइट करवाकर करोड़ों रुपयों का दांव लगाएंगे। सूचना पर संगरिया सीओ करण सिंह, टाउन सीआई मोनिका बिश्नोई, जंक्शन सीआई सतपाल बिश्नोई की टीम गठित कर फार्म हाउस पर दबिश दी गई।

## चेक अनादरण प्रकरण में एक वर्ष की सजा

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। चेक अनादरण मामलों की विशेष अदालत ने एनआईए कोर्ट (संख्या 01) की मजिस्ट्रेट निधि तुनवाल ने एक प्रकरण का निस्तारण करते हुए आरोपी को 90 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और एक साल की सजा सुनाई है।गांव महियांवाली निवासी परिवादी प्रेम चौधरी के अधिवक्ता अजीतसिंह टक्कर ने बताया कि प्रेम चौधरी से 65 हजार रुपए उधार लेकर महेंद्र कुम्हार ने 26 फरवरी 2018 को इतनी ही राशि का चेक दिया था। नियत तिथि पर चेक बैंक में लगाने पर अकाउंट में इतनी राशि नहीं होने के कारण अनादरित हो गया। लीगल नोटिस देने पर भी महेंद्र ने रुपए प्रेम चौधरी को अदा नहीं किये।

# अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर**। हनुमानगढ़ जिला पुलिस ने एक नाबालिक लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की एक घटना में 2 वर्ष से फरार 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि हनुमानगढ़ टाउन थाना में लगभग 2 वर्ष पहले दर्ज हुए इस मामले में रमेश नायक निवासी वार्ड नंबर 9 मटोरियोवाली ढाणी थाना हनुमानगढ़ टाउन पिछले 2 वर्षों से गायब था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। डीएसपी श्रीमती मीनाक्षी के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सिपाही सुभाष और कालूराम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रमेश के बारे में पिछले कुछ दिनों से यह



टीम गुप्त रूप से सूचनाओं जुटाने में लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 2022 को स्कूल में पढ़ने गई एक नाबालिग लड़की गायब हो गई थी। इस संबंध में लड़की के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। लड़की को दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो खुलासा हुआ कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी हुआ है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692